


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 अडाणी फैमिली ने अंबुजा सीमेंट में 8,339 करोड़ निवेश किया | सम्पादकीय ग्रामीण उपभोक्ता मांग और | वोडाफोन आइडिया का एफपीओ ओपन हुआ 5

वर्ष 21 ● अंक 357 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | मुरैना, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# लोकसभा निर्वाचन के तहत प्रथम चरण का मतदान आज, 102 सीटों पर होगा मतदान

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16% यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28%



उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 प्रतिशत यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

## चूरू में मतदान दल कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

गुरुवार दोपहर चूरू के सादुलपुर में पोलिंग पार्टी के एक सदस्य की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पोलिंग पार्टी के रवाना होते समय कर्मचारी तारांचद (52) पुत्र रूपाराम शर्मा चक्कर आने से गिर गए। उपखंड अधिकारी और तहसीलदार ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तारानगर के वार्ड नंबर-8 निवासी ताराचंद वन विभाग में बुचवास में कार्यरत थे।

# भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय का नामांकन दाखिल कराने आये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव









## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 07 मई को होने वाले चुनाव में पीएम मोदी के लिए मांगा वोट

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश के पूर्व मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री स्टार प्रचारक डॉ. मोहन यादव ने भिण्ड-दतिया लोकसभा सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में विशाल रोड शो करते हुए कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोला। इससे पूर्व उन्होंने जिला कलेक्ट पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी श्रीमती राय का जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करवाया। उसके बाद हजारों कार्यकर्ताओं के उमंग और उत्साह के साथ लहार रोड वीरांगना अवंती बाई चौराहे से उन्होंने रोड से प्रारंभ किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पार्टी प्रत्याशी सांसद श्रीमती राय मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश शुक्ला विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह विधायक अमरीश शर्मा गुड्डू विधायक प्रदीप अग्रवाल पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया पूर्व मंत्री ओपीएस भादौरिया पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया दतिया जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया लोकसभा चुनाव प्रभारी प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर चुनाव संयोजक अवधेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया खुली रथ पर सवार होकर रोड शो के माध्यम से 7 तारीख को होने जा रहे सभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता का अभिवादन स्वीकार कर आशीर्वाद मांगा। रथ से ही पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय को आशीर्वाद मांगते हुए युवाओं महिलाओं एवं सर्व समाज की जनता से कहा कि विकास और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए मतदान अवश्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने दोनों हाथ जोड़कर रथ में सवार होकर जनता जनार्दन का अभिनंदन स्वीकार करते हुए जनता जनार्दन का आशीर्वाद ग्रहण करते हुए और पुष्प वर्षा के के लिए कार्यकर्ता एवं जनता का जन सैलाब उमड़ पड़ा। पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने हाथों में भाजपा का झंडा थाम कर अब की बार 400 पर सब की राय एक ही राय संध्या राय जय श्रीराम के नारों से शहर का चप्पा चप्पा गूंज उठा। मुख्यमंत्री के रोड शो में ढोल और नगाड़े एवं आतिशबाजी चला कर उनकी अगवानी करते हुए पुष्प मालाओं से लाभ दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रोड शो करते हुए रथ से ही कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने *शेष पृष्ठ 2 पर...*

# मतदाताओं को वोटिंग पर्ची देने में क्या दिक्कत आ रही है?:

## ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन मामले में कोर्ट में फैसला सुरक्षित

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से



एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है।

कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी ईवीएम में से कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समय, चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपैट मशीन से मिलान करता था। 8 अप्रैल, 2019 को मिलान के लिए ईवीएम की संख्या 1 से बढ़ाकर 5 कर दी थी।

# रेगिस्तान में बाढ़ का कहर, दुबई में हालात खराब

## भारतीय दूतावास का हेल्पलाइन नंबर जारी

## पाक और अफगानिस्तान में 135 लोगों की मौत

आर.एन.एस.

**दुबई।** पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बारिश की वजह आई बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में तो वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले



बुधवार को दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इमरजेंसी लगानी पड़ी थी।

**दुबई एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। बीबीसी न्यूज के मुताबिक, बुधवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लोगों को वहां न आने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का कारण क्लाइमेंट चेंज बताया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

**दुबई में साल भर की बारिश 2 दिनों में हुई**

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी, दुबई और अल ऐन जैसे शहरों में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे अब तक 1 शख्स की मौत हुई है। वहां साल भर की बारिश 2 दिन के भीतर हो गई। मंगलवार को सड़क, रेलवे और उड़ानों पर असर पड़ा। इन शहरों में ऑफिस और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लोगों को वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा गया है।

# आलोक शर्मा ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनको जहां से चुनाव लड़ने का बोला वे वहां पहुंच गए: डॉ. मोहन यादव

## भोपाल से आलोक शर्मा को रिकॉर्ड मतों से जिताकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं : शिवराज सिंह चौहान








**भोपाल।** भोपाल लोकसभा सीट हर बार जीत के नए रिकार्ड बना रही है। इस बार भी भोपाल में गाड़ा गया खंब सबसे अलग दिखना चाहिए। हमारे प्रत्याशी आलोक शर्मा ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनको जहां से चुनाव लड़ने का बोला वे वहां पहुंच गए। विधानसभा चुनाव में उत्तर सीट से जिम्मेदारी दी तो वहां भी लड़े। उत्तर विधानसभा सीट चुनौती वाली थी, लेकिन वे चुनौती से डरे नहीं, बल्कि डटकर मुकाबला किया। हमारा भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस के लोगों को रात-दिन सपने आ रहे हैं, उन्हें बिजली के झटके लग रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भवानी चौक में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। जब बादल गरजते हैं तो आज भी हड्डियां दुखती हैं और कर्फ्यू वाली माता मंदिर का मैदान याद आता है। वह हमारा संघर्ष का इतिहास था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। रामनवमीं पर भगवान रामलला का सूर्य तिलक हुआ। देश में कोई मंदिरों और घरों में रंगोलियां बनाकर पूजन-अर्चन कर रहा था तो कोई बेटियों को पूजकर खुशियां मना रहा था, लेकिन देश में सिर्फ एक पार्टी कांग्रेस दुखी थी। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। सभा के पहले मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पार्टी नेताओं एवं प्रत्याशी आलोक शर्मा ने साथ कर्फ्यू वाली माता मंदिर भवानी चौक में पूजन अर्चन किया।

**भाजपा तो कार्यकर्ताओं के लिए जानी जाती है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा तो कर्मठ कार्यकर्ताओं के लिए ही विश्व में जानी जाती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए अहम है, वह पार्टी की रीढ़ है। भाजपा की रीति-नीति ही ऐसी है कि लगातार हमारा परिवार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के नेताओं ने आज यहां भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ता को कहां से कहां पहुंचा देती है इसके कई उदाहरण हैं। चाहे देश के प्रधानमंत्री हों, मुख्यमंत्री हों या अन्य कोई पार्टी पदाधिकारी, सभी एक छोटे से कार्यकर्ता के बाद यहां तक पहुंचे हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं और देश में इतिहास बनता देख रहे हैं। 2014 के बाद से देश-प्रदेश का परिदृश्य बदल गया है। 2014 में प्रचंड बहुमत से जीत के बाद देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और फिर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में 28 सीटों पर जीत हासिल की। इस बार मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा सीट भी भाजपा जीत रही है।

**हम तो राम-कृष्ण की संस्कृति वाले लोग हैं**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम तो श्रीराम और श्रीकृष्ण की संस्कृति वाले लोग हैं। कांग्रेस हमेशा से इस संस्कृति की विरोधी रही है, इसलिए कभी भी श्रीराम के मंदिर को बनने में साथ नहीं दिया। हमेशा से विरोध जताया। कांग्रेस की संस्कृति तो विरोध करने वाली संस्कृति ही है। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से अड़ंगे लगाए। उन्होंने तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी गलत ठहराया, लेकिन देश के हिन्दु-मुसलमान भाइयों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में आज हमारे आराध्य भगवान श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं।

**रामनवमी पर सब खुश थे, लेकिन कांग्रेस दुखी थी, कांग्रेस का विसर्जन होना तय है- शिवराज सिंह चौहान**

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब बादल गरजते हैं तो आज भी हड्डियां दुखती है और कर्फ्यू वाली माता मंदिर का मैदान याद आता है। वह हमारा संघर्ष का इतिहास था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। मैं भगवान से कभी भी धन और बल नहीं मांगता और न ही स्वर्ग और मुक्ति मांगता हूं। मैं सिर्फ यही मांगता हूं कि जब भी मेरा जन्म दोबार हो जनता की सेवा कर सकूं। चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया, लेकिन कांग्रेस ने उसे भी फर्जी करार दिया। इससे आप समझ सकते हैं कि कांग्रेस की हालत कैसी हो गई है और किस दिशा में कांग्रेस पार्टी जा रही है।

**भोपाल में आलोक शर्मा को जिताकर रिकॉर्ड बनाना है**

चौहान ने कहा कि राजधानी भोपाल से पार्टी ने जुनूनी कार्यकर्ता आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। यहां की जनता से मेरा आग्रह है कि विदिशा से ज्यादा मतों से यहां से आलोक शर्मा को जिताकर रिकॉर्ड बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत करें। कार्यकर्ताओं को अब गर्मी में भी घर नहीं बैठना है,

# मोदी सरकार बुजुर्गों के लिए सहारा बनी : शर्मा

## भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो लोकसभा के चंदला विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क, संवाद एवं नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित

**खजुराहो।** मध्यप्रदेश में कुछ माह पहले ही संपन्न हुए विधानसभा के चुनाव में चंदला विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को 68 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। अब लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। 26 अप्रैल को खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है, इसलिए लोकसभा चुनाव में चंदला विधानसभा क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक मत भाजपा को मिले, इसका आशीर्वाद दें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा ने चंदला विधानसभा के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा चंदला विधानसभा के ग्राम कटहरा में नुक्कड़ सभा कर चुनाव प्रचार शुरू किया। शर्मा ने भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई बाइक रैली में शामिल होकर कई गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से संवाद कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

**मोदी जी की गारंटी है, 70 वर्ष से अधिक उम्र वालों को भी आयुष्मान योजना में मिलेगा इलाज**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किए गए संकल्प-पत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाकर इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। शर्मा ने कहा कि यह कोई घोषणा नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार गरीबों के साथ हर वर्ग के बुजुर्गों का सहारा बन रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान बनवाकर छत देने का कार्य किया है। आने वाले दिनों में तीन करोड़ और मकान बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का हर क्षेत्र में विकास हुआ है। भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी देश को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा चंदला विधानसभा के ग्राम कटहरा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करने के बाद ग्राम परसानिया में नुक्कड़ सभा की। इसके पश्चात शर्मा ग्राम शंकरगढ़ में ग्रामीणों से जनसंपर्क व संवाद करते हुए कटिया में पहुंचे और नुक्कड़ सभा की। शर्मा भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई बाइक रैली में शामिल होकर देवरी, बछौन, मुकुंदपुर, सराही, परसेड़ी और छोटी बम्हौरी में संवाद एवं जनसंपर्क किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा चंदला में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार, जिला अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम, विधायक अरविन्द पटैरिया, सुरेन्द्र चौरसिया सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लुटेरे सक्रिय: महाराजपुरा और ग्वालियर थाना क्षेत्रों में चेन, नगदी, मोबाइल छीने

**ग्वालियर।** गर्मी शुरू होते ही शहर में लुटेरे सक्रिय हो गये हैं और लुटेरों ने लूट की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। लुटेरों ने पहली लूट की वारदात को अंजाम महाराजपुरा थाना क्षेत्र में रात साढ़े नौ बजे दिया, जहां पर बारात में शामिल होने आए अधेड़ की सोने की चेन लुटेरे लूट ले गए। दूसरी घटना चीनौर थाना क्षेत्र में घटी। भांजी की शादी में एक लाख रुपए देने के लिए जा रहे बुजुर्ग को रात 11 बजे लुटेरों ने ओवरटेक कर रोका और मारपीट कर बाइक सवार दो बदमाश रुपए लूट ले गए। इस घटना में पुलिस ने जांच की तो पता चला है कि लूट नहीं बल्कि मारपीट हुई है। वहीं तीसरी घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र में घटी, जहां दो बदमाश तीन युवकों की मारपीट कर एक हजार रुपए और मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने लूट के मामलें दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

***झपट्टा मारकर चेन लूटी***

दामाद के छोटे भाई की बारात में शामिल होने आए समधी मोबाइल पर बात कर रहा था कि तभी दो बदमाश झपट्टा मार कर उनकी सोने की चेन लूट ले गए। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के अभिनंदन वाटिका के पास की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। हजीरा थाना क्षेत्र के पुरानी रेशम मिल निवासी 51 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह तोमर पुत्र कन्हई तोमर प्राइवेट जॉब करते हैं। बीते रोज उनके दामाद के छोटे भाई शुभम परिहार की शादी का कार्यक्रम अभिनंदन वाटिका में आयोजित हो रहा था। वह कार्यक्रम में थे कि तभी उनके मोबाइल पर एक कॉल आया और वह बात करते हुए बाहर आ गए, इसी बीच दो युवक आए और उनके गले से एक तोला वजनी सोने की चेन झपट ले गए। उन्होंने शोर मचाया और लुटेरों के पीछे भागे, लेकिन लुटेरे बाइक से भाग निकले। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने लुटेरों की तलाश में इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले है।

***लूट की सूचना पर चकरघिन्नी पुलिस***

कार और बाइक का एक्सीडेंट होने पर कार सवार ने पुलिस को लूट की सूचना दे दी। लूट का पता चलते ही पुलिस एक्टिव हुई और पड़ताल की तो पता चला कि लूट नहीं हुई बल्कि मारपीट हुई थी और कार सवार ने लूट की सूचना दे दी। मामले का खुलासा होते ही पुलिस ने राहत की सांस ली। चीनौर थाना क्षेत्र के कोसा निवासी गुलाब सिंह रावत पुत्र बादाम सिंह रावत किसान है और बीती रात वह गोबरा निवासी महिला की बेटी काजल की शादी में शामिल होने जा रहे थे। यहां पर एक बाइक से उनकी कार टकरा गई और कार सवार ने उनकी मारपीट कर दी। मारपीट के बाद उन्होंने पुलिस को एक लाख रुपए लूटे जाने की सूचना दी। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस के पसीने छूट गये और पुलिस एक्टिव हुई और पड़ताल की तो पता चला कि लूट नहीं हुई, बल्कि एक्सीडेंट के बाद उनके बीच मारपीट हुई थी। एक्सीडेंट में सत्येन्द्र परिहार की बाइक टूट गई थी। पुलिस को जब पता चला कि लूट नहीं हुई है तो पुलिस ने राहत की सांस ली। इस मामले में थाना प्रभारी चीनौर राजीव बिरथरे का कहना है कि लूट की सूचना दी थी। मामले की जांच की तो पता चला है कि बुजुर्ग का एक्सीडेंट हुआ था और मारपीट हुई है। बुजुर्ग व दूसरे पक्ष की गाड़ी भी डेमेज हुई है।

***पुलिस बताकर नगदी-मोबाइल छीना***

ग्वालियर थाना क्षेत्र के राय कॉलोनी घासमण्डी में दो बदमाशों ने तीन युवकों की मारपीट कर एक हजार रुपए और मोबाइल झपट लिया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक बदमाश को पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया घासमण्डी निवासी सुरेश वर्मा का ढोल तासों का काम है। दो दिन पहले उनके यहां पर ताल बेहट से सन्नू लाल, नरेन्द्र सिंह और अभिराज ढोल तासे बजाने के लिए आए थे, जो उनकी दुकान में सो रहे थे। सुबह करीब साढ़े तीन बजे दो युवक वहां पर आए और खुद को पुलिस बताकर पूछताछ की और मारपीट कर मोबाइल व आठ सौ रुपए छीन ले गए हैं। वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद एक युवक को पकड़ा है और उसने मोबाइल छीनने की पुष्टि की है। आरोपी नशेड़ी है और पुलिस पड़ताल कर रही है।

# ग्वालियर में 40 पार हुआ पारा

**ग्वालियर।** गुरूवार को ग्वालियर में इस साल व इस सीजन का सर्वाधिक दिन का पारा आंका गया है। इस महीने में भी पहली बार इतना अधिक तापमान आंका गया है। गुरूवार को दर्ज 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान ने रिकार्ड तोड़कर सर्वाधिक गर्म दिन दर्ज हुआ।

खास बात यह रही कि दिन के पूरे सात घंटे तक सूरज दादा के तेवर इतने तल्ख रहे कि सुबह 10 बजे से ही चटक धूप हावी हो गई थी। जबकि दोपहर दो बजे के आसपास दिन का पारा 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। जो लगभग शाम 5 बजे तक दर्ज हुआ। यानि कि तीन घंटे तक 39 डिग्री से उपर पारा रहा। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बीते दिन बुधवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। जबकि गुरूवार को 1.6 अंक बढ़कर 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक आंका गया। इसी तरह बीते दिन बुधवार को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सिया आंका गया था। लेकिन गुरूवार को 0.6 अंक घटकर 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। आगामी मौसम को लेकर सहायक मौसम विज्ञानी हुकुम सिंह ने बताया कि आसमान साफ होने की वजह से दिन का पारा थोड़ा सा सामान्य से उपर हुआ है। अभी फ़िर से बादल छाएंगे और तापमान सामान्य दर्ज होगा।



- इस साल व इस सीजन का सबसे अधिक दिन का तापमान
- दिन के सात घंटे तक सूरज दादा के तेवर रहे गर्म

# अवैध शराब बना रहे कंजरों के डेरे पर छापा

**ग्वालियर।** भितरवार थाना पुलिस ने कंजरों के डेरे पर छापामार कार्रवाई कर 305 लीटर हाथ भटटी देशी शराब जब्त की है। वहीं पुलिस ने 4800 लीटर गुड लहान लगभग 04 लाख 50 हजार रूपये को फैलाकर नष्ट किया। पुलिस को देखकर कंजर मौके से भाग खड़े हुये। भितरवार थाना पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बसई कंजर डेरा पर भारी मात्रा में कच्ची शराब का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते थाना प्रभारी भितरवार अतुल सोलंकी पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए स्थान बसई कंजर डेरा पर कार्यवाही के लिये पहुंचे। पुलिस टीम को देखकर अवैध शराब बना रहे कंजर भाग खडे हुये। पुलिस टीम द्वारा डेरे की तलाशी लेने पर 1 ड्रम में 160 लीटर तथा 3 प्लास्टिक की केन में 145 लीटर कुल 305 लीटर लगभग 61 हजार रूपये हाथ भट्टी की बनी हुई देशी शराब भरी हुई मिली, जिसे पुलिस टीम द्वारा विधिवत जप्त किया गया। पुलिस टीम को मौके पर ही 14 ड्रमों से 2800 लीटर तथा 02 गड्ढों में 2000 लीटर कुल 4800 लीटर कीमती 04 लाख 50 हजार रूपये का गुड लहान भी भरा हुआ मिला, जिसे मौके पर ही फैलाकर नष्ट किया गया।



# गांजा लेकर आए तस्कर दबोचे

**ग्वालियर।** बिहार से गांजा लेकर आए दो तस्करों को महाराजपुरा थाना पुलिस ने खेंरिया मिर्धा से दबोचा है। पकड़े गए तस्करों से पुलिस ने पंद्रह किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है कि वह गांजे की खेप कहां से लाए है और कहां पर खपाने जा रहे थे।

महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो तस्कर गांजे की खेप लेकर आए है और थाना क्षेत्र में खपाने वाले ह। इसका पता चलते ही बेहटा चौकी प्रभारी रामचंद्र शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। जिस पर एसआई रामचंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ सर्चिंग में जुटे और खेरिया मिर्धा के पास दो युवकों को बैग सहित आते देखकर रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने लगे और पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ा और उनके बैग चेक किए तो उसमें करीब पंद्रह किलो गांजा बरामद हुआ है।

पुलिस ने पकड़े गए तस्करों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की तो उनकी पहचान मुजफ्फर नगर निवासी मनीष पुत्र दर्शन दास उर्फ रामबिहारी तथा राकेश पुत्र जियालाल के रूप में हुई। अब पुलिस पूछताछ कर पता लगा रही है कि उनसे यह गांजे की खेप कौर खरीदता है और कौन उन्हें सप्लाई करता है, जिससे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सके।

# सात दिन पहले खोली दुकान में ही बदमाशों ने की हत्या

**ग्वालियर।** अज्ञात बदमाशों ने एक युवक की सब्बल मारकर हत्या कर दी। घटना मोहना थाना क्षेत्र के हाइवे पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। घटना का पता गुरुवार की सुबह चला तो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की तो पुलिस को जांच में पता चला है कि जिस युवक की हत्या की गई है, उसने सात दिन पहले ही दुकान खोली है। घटना का पता चलते ही पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए है। फिलहाल पता नहीं चला है कि किन कारणों के चलते उसका कत्ल किया गया है।

मोहना थाना क्षेत्र के पानी की टंकी के पास रहने वाले 24 वर्षीय अमीन खान पुत्र सलीम खान की अज्ञात बदमाशों ने सब्बल मारकर हत्या कर दी। अमीन खान के बारे में बताया गया है कि वह मोहना थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर हाइवे पर किराना शॉप के साथ ही धुलाई सेंटर चलाता है। यह दुकान उसने सात दिन पहले खोली थी और दुकान में ही सोता था। रोजाना की तरह बीती रात भी वह दुकान में सोया हुआ था। सुबह उसके परिजन प्रतिदिन की तरह दुकान पर पहुंचे तो दुकान बंद दिखी। साथ ही दुकान का शटर अंदर से बंद भी नहीं था। परिजन जब दुकान के अंदर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दुकान में अमीन खून से लथपथ पड़ा था। अमीन की लाश देख परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। हत्या की सूचना मिलते ही मोहना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह, एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान, एसडीओपी घाटीगांव, टीआई मोहना राशिद खान, टीआई घाटीगांव और एफएसएल टीम के साथ ही फिंगरप्रिंट व डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। मौके पर पहुंचे अफसरों ने पूछताछ की, लेकिन अभी हत्या की वजह और आरोपी का पता नहीं चला है। अब पुलिस परिजनों से पूछताछ में जुट गई है, जिससे पता चल सके कि उसकी किसी से रंजिश तो नहीं थी।

***युवक ने जहर गटका, हालत गंभीर***

ग्वालियर। बाहर से घूमकर घर आए युवक ने जहर गटक लिया। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाडिया पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 11 बजे की है। घटना का पता उस समय चला जब युवक की हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उसने जहर गटका है। इसका पता चलते ही उसे प्वाइंजन वार्ड में भर्ती कराया है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाडिया निवासी 23 वर्षीय प्रदीप झा पुत्र संतोष झा फ्रेब्रीकेशन का काम करता है। बीते रोज वह बाजार से घूमकर आया और अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगडने लगी और इसका पता चलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां पर पता चला कि उसने जहर गटका है। इसका पता चलते ही डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फ्लिहाल पता नहीं चला है कि किस कारण से उसने यह कदम उठाया है।

# इंस्ट्राग्राम दोस्त बनकर छात्रा को किया परेशान

**ग्वालियर।** इंस्ट्राग्राम पर दोस्ती होने के बाद दोस्त शादी का दबाव बनाने लगा और छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र की है। जब छात्रा ने शादी से इनकार किया तो आरोपी ने उसके अश्लील फोटो सोशल साइट पर डाल दिए और ब्लैकमेल करने लगा। घटना का शिकार पीडिता पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की।

ग्वालियर थाना क्षेत्र निवासी छात्रा बीते रोज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और पुलिस से शिकायत की है कि कुछ दिन पहले उसकी दोस्ती इंस्ट्राग्राम पर नीरज नामक युवक से हुई थी। इसके बाद उनके बीच बातचीत होने लगी और बातचीत काफी सभ्य तरीके से शुरू हुई तो छात्रा भी उससे बात करने लगी और उनकी दोस्ती गहरी हो गई। इसी बीच मोबाइल पर उनकी वीडियो कॉल पर बातचीत होने लगी और उसने छात्रा के कुछ अश्लील फोटो ले लिए। इसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा और शादी का दबाव बनाने लगा। जब उसने शादी से इनकार किया तो आरोपी ने उसके फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए और धमकी दी कि अब उसने उसे बदनाम कर दिय है, अब तो उसे उससे ही शादी करनी पड़ेगी। पीडिता ने बताया कि आरोपी फिरोजा बाद का रहने वाला है और अब तो उसे बदनाम करने के लिए रोजाना नई आईडी बनाकर उसके फोटो शेयर कर रहा है। छात्रा की शिकायत सुनकर पुलिस ने छात्रा को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही आरोपी को पकड़ लिया जायेगा।

# गुरूवार को पाँच प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

**ग्वालियर।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में अब तक 11 उम्मीदवारों द्वारा अपनी नामजदगी दर्ज कराई जा चुकी है। गुरूवार को 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फॉर्म रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान को सौंपे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को ग्राम सातऊ नयागांव बी.ओ सिटी सेंटर ग्वालियर निवासी कल्याण ने बहुजन समाज पार्टी एवं ग्राम नारही तहसील करैरा जिला शिवपुरी निवासी सुश्री अर्चना राजपूत ने राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्रीराम दाबेली वाली गली रॉक्सी रोड़ माधवगंज चौराहा लश्कर निवासी दीपक कुमार बंसल, ग्राम अकबई बड़ी टेकनपुर निवासी यशदेव शर्मा एवं तारागंज समाधिया कॉलोनी गेट लश्कर निवासी आनंद सिंह कुशवाह



(रामायणी) ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। नामांकन के लिए अब एक दिन शेष है। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक यह कार्यवाही संपादित होगी।

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के ब्लॉक प्रभारी मनोनीत

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की जीत का परचम लहराने के संकल्प को लेकर गुरूवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तरीय प्रभारी बनाये गये हैं। सभी ब्लॉक प्रभारी तत्काल प्रभाव से अपने-अपने प्रभार वाले ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष से संपर्क कर चुनाव प्रचार प्रसार में जुटेंगे और कांग्रेस की पांचों न्याय योजनाओं एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र की जानकारी को घर-घर तक पहुंचाएंगे।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि ब्लॉक क्र. 1 के लिये मेहबूब चेन वाले, ब्लॉक क्र. 2 मोनू सोलंकी, ब्लॉक क्र. 3 भैयालाल भटनागर, ब्लॉक क्र. 4 ओमप्रकाश राजपूत, ब्लॉक क्र. 5 अशोक प्रेमी, ब्लॉक गोला का मंदिर चतुर्भुज धनोलिया, ब्लॉक मुरार श्रीमती वीणा भारद्वाज, ब्लॉक थाटीपुर प्रेम सिंह नेताजी, ब्लॉक इंदरगंज भूपेन्द्र तोमर मिक्की, ब्लॉक मेला ग्राउंड श्रीमती सीमा समाधिया, ब्लॉक राम मंदिर धर्मेन्द्र जैन, ब्लॉक गोल पहाड़िया मुकेश धाकड़, ब्लॉक हेमू कालानीयोगेन्द्र यादव (मंगल), ब्लॉक कम्पू विजय शर्मा, ब्लॉक माधौगंज जितेन्द्र कुशवाह को प्रभारी बनाया गया हैं।

# पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**ग्वालियर।** लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक केशवराम



चौरसिया ने गुरूवार को एमएलबी कॉलेज में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह उपस्थित थे।

पुलिस प्रेक्षक चौरसिया ने एमएलबी कॉलेज के विभिन्न कक्षों में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम के साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने बताया कि एमएलबी कॉलेज परिसर से ही मतदान दलों को सामग्री का वितरण, सामग्री की वापसी के साथ ही मतगणना का कार्य भी इसी परिसर से किया जायेगा। विधानसभावार स्थापित किए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं उसकी मॉनीटरिंग का कार्य भी पूरी मुस्तैदी के साथ किया जा रहा है।

***जाम में फंसी एम्बुलेंस***

**ग्वालियर।** गुरूवार की सुबह मरीज लेकर जा रही दो एम्बुलेंस जाम में फंस गई। जाम का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक वाहनों की काफी लंबी कतारें लग गई। जाम लगने का कारण चौराहे पर खड़े होने वाले टेम्पो बताए गए है, जो यहां पर सवारी उतारते और चढ़ाने के साथ ही सवारियों के इंतजार में खड़े रहते है। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया, तब कहीं एम्बूलेंस वहां से रवाना हुई।

# बजरंग भक्त मंडल ने भोजन वितरण कर मनाया रामनवमीं पर्व

**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मंडल द्वारा रामनवमीं पर्व पर श्री सिद्धेश्वर हनुमान



मंदिर गोले का मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भोजन वितरण सेवा की गई। आयोजन में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, नमन अवस्थी, विशाल अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, दीपक बघेल, हिमांशु बघेल, अंकुर राणा, राकेश मंगल, विजय बंसल, पुनेश पाल, दीपक सोनी, पवन गोयल, सतीश शर्मा, शांतनु सिंह, जितेंद्र चंदेल, रुद्रांश गोयल, ज्योति कौशल अग्रवाल, सोमेश मंगल, श्रीमती अग्रवाल, संतोष शिवहरे, संजीव गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थे।

# कृषि विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ आईएसओ सर्टिफिकेशन

**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालर को



आई.एस.ओ. सर्टिफिक्रेट गुरूवार को प्राप्त हुआ। पूर्ण विवेचना व ऑडिट होने के उपरांत आई.एस.ओ. सर्टिफिक्रेट कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला को ओमवती सर्टिफिक्रेशन के प्रभारी मनोज कुमार द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रमाणीकरण कृषि उत्पादन प्रणाली की उत्पादकता, लाभ अनुकूलन और स्थिरता बढ़ाने के लिए शिक्षा अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के लिए प्रशासनिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रदान किया गया है।

# पुरातत्व संग्रहालय गूजरी महल में अस्त्र-शस्त्र दीर्घा का लोगों ने किया अवलोकन



**ग्वालियर ।** विश्व विरारसत दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्रीय पुरातत्व संग्रहालय गूजरी महल ग्वालियर अस्त्र-शस्त्र की नवीन दीर्घा दर्शकों के अवलोकन हेतु प्रारंभ की गई है। संग्रहालय की इस अस्त्र-शस्त्र दीर्घा में पाषाण कालीन औजार 18-19वीं शती ई. के बुंदेला शासकों के हथियार (तलवार, ढाल, भाले, कटार, कवच, दस्ताने, टोपी आदि), ब्रिटिश कालीन बंदूकें, (टोपीदार बंदूक, दुनाली बंदूक, कैमल बंदूक, तोपें, छोटी बंदूकें, पिस्तोल आदि) अस्त्र-शस्त्र पर्यटकों को देखने हेतु प्रदर्शित किए गए हैं। उप संचालक पुरातत्व संग्रहालय पीसी महोबिया ने बताया कि विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में स्मारकों एवं संग्रहालयों में पर्यटकों का प्रवेश निरूशुल्क होने से राज्य संरक्षित स्मारक ग्वालियर किले पर लगभग 1265 एवं केन्द्रीय पुरातत्व संग्रहालय गूजरी महल में लगभग 620 पर्यटकों द्वारा भ्रमण कर दीर्घा का अवलोकन किया गया।

# पुलिस पर्यवेक्षक केशवराम चौरसिया ग्वालियर आए

**ग्वालियर ।** ग्वालियर एवं गुना लोकसभा क्षेत्र में राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले चुनावी खर्चे पर निगरानी रखने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक केशव राम चौरसिया ग्वालियर आ गये हैं। श्री चौरसिया रेसकोर्स रोड़ स्थित एलएनआईपीई के गेस्ट हाउस में ठहरे हैं। उनका मोबाइल फोन नम्बर 9691524354 है। पुलिस पर्यवेक्षक श्री चौरसिया 21, 22, 25, 26, 29 व 30 अप्रैल एवं 3, 4 व 6 मई 2024 को ग्वालियर में उपलब्ध रहेंगे। पुलिस पर्यवेक्षक केशव राम चौरसिया से प्रातः 9 से 10 बजे तक एलएनआईपीई के गेस्ट हाउस में चुनावी व्यय के संबंध में भेंट की जा सकती है।

# सामान्य प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ग्वालियर आए

**ग्वालियर ।** ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव पर निगरानी रखने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षककृष्णा आदित्य ग्वालियर पहुँच चुके हैं। आदित्य ग्वालियर में रेसकोर्स रोड़ स्थित एलएनआईपीई गेस्ट हाउस के कक्ष क्र.-1 में ठहरे हैं। उनका मोबाइल फोन नम्बर 9238881285 है। सामान्य प्रेक्षक कृष्णा आदित्य से प्रातरू 10.30 बजे से 11.30 बजे तक एलएनआईपीई के गेस्ट हाउस में भेंट की जा सकती है।

# उपायुक्त ने किया निरीक्षण, खाली टिपर वाहनों को लौटाया

**ग्वालियर ।** स्वच्छता व्यवस्था की जांच करने के लिए गुरूवार को उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता ने शहर के अनेक स्थानों पर भ्रमण किया। वीरपुर बांध स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर टिपर वाहनों में तय मात्रा से कम कचरा मिलने पर उन्हें वापस लौटाया गया। साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता ने महाराज बाड़ा, माधोगंज, हेमसिंह की परेड आदि स्थानों का निरीक्षण किया। हेमसिंह की परेड पर उन्होंने आमजनों से बात कर स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी दी। इसके बाद वीरपुर बांध स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि कई सारे वाहन तादात से कम मात्रा में कचरा एकत्रित कर ला रहे हैं। ऐसे वाहनों को वापस लौटा कर तय मात्रा में कचरा लाने के निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता ने विजय नगर स्थित सार्वजनिक पार्क का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

# निगमायुक्त ने की निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा

**ग्वालियर।** निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने लोकसभा निर्वाचन की व्यवस्थाओं को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों की निगम मुख्यालय के सभागार में बैठक ली। निगमायुक्त ने बैठक में मतदान सामग्री वितरण स्थल एवं मतदान केन्द्रों पर नगर निगम की ओर से की जाने वाली सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

बैठक में निगमायुक्त सिंह ने सामग्री वितरण स्थल पर पार्किंग, साफसफाई, पानी इत्यादि की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी मतदान केन्द्रों के पहुंच मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने, पेच रिपेयरिंग एवं साफ सफाई करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी मतदान केन्द्रों की साफ सफाई करने के साथ ही मतदान से एक दिन पूर्व चूने की लाइनें डलवाने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था, निस्तार हेतु पानी की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर एवं साफ सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र, युवा मतदान केन्द्र पर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अन्य विभागीय बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव, विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, उपायुक्त अनिल दुबे, अमर सत्य गुप्ता सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

***सिटी सेंटर से हटाया अस्थाई अतिक्रमण***

ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पूर्व विधानसभा अंतर्गत न्यू सिटी सेंटर क्षेत्र में फुटपाथ पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही कर सामान जप्त किया गया।

# संपादकीय

## ग्रामीण उपभोक्ता मांग और चुनौतियां, टीवी, कूलर, एसी, पंखे, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन खरीदने का सही वक्त

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं। हाल में हुए 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के ताजा सर्वेक्षण में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग तेजी से बढ़ी है। यहां टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखा, एसी आदि की मांग 2019 के कोरोना काल के बाद 25.82 फीसद बढ़ी है। अप्रैल 2020 में सिर्फ 2.03 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मान रहे थे कि टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, पंखे, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन आदि खरीदने का उनके लिए यह सबसे अच्छा समय है, लेकिन अब 27.85 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि वर्तमान समय इसके लिए सबसे बेहतर है। लोकसभा चुनाव के दौर में धन के प्रवाह को भी इसकी एक वजह माना जा रहा है। इसी वर्ष जनवरी में ग्रामीण उपभोक्ता मांग का सूचकांक कम हो गया था, मगर चुनाव की घोषणा के बाद मार्च में तेजी आने लगी। रपट में यह भी कहा गया है कि ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि अगले पांच साल उनकी वित्तीय स्थिति और अच्छी बनी रहेगी। अप्रैल 2019 में 29.74 फीसद ग्रामीण मानते थे कि आर्थिक हालात बेहतर हैं, लेकिन मई 2021 में ऐसा मानने वाले सिर्फ 2.93 फीसद रह गए थे। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद मार्च 2024 में बढ़कर यह संख्या 31.60 फीसद हो गई है। वाहन उद्योग में भी ग्रामीण उपभोक्ता मांग में तेजी आई है। कुछ दिनों पहले आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया था कि वित्तवर्ष 2020-23 की दूसरी तिमाही में दुपहिया वाहनों की 30.3 फीसद और ट्रैक्टर की बिक्री 16.1 फीसद बढ़ी है। ग्रामीण वित्त विशेषज्ञों का मानना है अगले पांच वर्षों में ग्रामीण उपभोक्ता मांग में और तेजी आने की संभावना है।

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं। इनमें गरीबी और असमानता को कम करने, सामाजिक सुरक्षा, आय सृजन और आजीविका के विकल्प प्रदान करने और देश में आबादी के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए जाने वाले उपाय शामिल हैं। इसके लिए कई लक्षित कार्यक्रम शुरू किए गए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना, अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए अंब्रेला कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पीएम-किसान के तहत फंड ट्रांसफर, पीएम फसल बीमा योजना का दावा भुगतान, उर्वरक सब्सिडी, डेयरी सहकारी समितियों और कृषि-बुनियादी ढांचे के लिए ब्याज छूट, फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए फंड उपलब्ध कराना आदि प्रमुख हैं। ग्रामीण उपभोक्ता आय में वृद्धि की दृष्टि से डीबीटी योजना सबसे महत्त्वपूर्ण है। इसमें जिन योजनाओं के अंतर्गत नकद भुगतान की व्यवस्था है, उनमें धन को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। फिलहाल इस व्यवस्था में सरकार के 53 मंत्रालयों की 310 योजनाएं शामिल हैं, जिनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय आयुष मिशन आदि के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ शामिल हैं।

# सियासतः चुनावों में चुनौती बन रहा चीन... भारत के साथ र पर भी है ड्रैगन की तिरछी नजर, सोशल मीडिया का दुरुपयोग

**हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो %इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है।**



चीन मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। आशंका है कि वह भारत में लोकसभा चुनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित कर सकता है। हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो %इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है%, क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में 'कुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं।% माइक्रोसॉफ्ट ने दावा किया है कि चीनी साइबर हमलावरों ने तीन लक्ष्य क्षेत्रों को चुना है- दक्षिण प्रशांत द्वीप समूह के देश, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में उसके क्षेत्रीय विरोधी और अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार। चीनी अभियान एआई-जेनरेटेड या एआई-समर्थित सामग्री को परिष्कृत करना जारी रखते हैं। इन अभियानों के पीछे के खिलाड़ियों ने एआई-जनरेटेड मीडिया को बढ़ाने की इच्छा दर्शाई है, जो उनके रणनीतिक आख्यानों को लाभ पहुंचाता है, साथ ही वे वीडियो, मीम्स और ऑडियो सामग्री भी बनाते हैं। चीन, मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। वह संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को भी अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और गुप्तचर जानकारी संग्रह को वित्तपोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरंसी लूट और आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वाले हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने कार्यों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चीन द्वारा एआई का इस्तेमाल कर भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में चुनावों को बाधित करने की आशंका से संबंधित जो चेतावनी जारी की है, वह चिंताजनक है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के अनुसार, चीन आगामी प्रमुख चुनावों में विशेष रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एआई द्वारा बनाई गई सामग्री का इस्तेमाल कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) की रिपोर्ट इस आसन्न खतरे को रेखांकित करती है कि %इस साल दुनिया भर में होने वाले प्रमुख चुनावों को देखते हुए, खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई जनरेटेड सामग्री बनाएगा और उसका प्रचार करेगा। माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन के कथित ट्रायल रन की खबरों के बाद आई है, जहां उसने जनवरी में एआई द्वारा बनाई सामग्री के जरिये दुष्प्रचार का प्रयास किया था। रिपोर्ट में स्टॉर्म 1376 नामक एक बीजिंग समर्थित समूह का उल्लेख है, जिसे स्पैमोफ्लाज या ड्रैगनब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, जो ताइवानी चुनाव के दौरान अत्यधिक सक्रिय था। यह राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के मामले का अध्ययन करता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तकनीकी हस्तक्षेप की क्षमता को रेखांकित करता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई सामग्री जनमत को प्रभावित करने के लिए संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठा सकती है। माइक्रो टार्गेटिंग और भावनात्मक संदेश जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर, एआई एल्गोरिदम इको चैंबर्स बना सकता है, जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करता है और समाज को ध्रुवीकृत करता है। इसके अलावा, %डीपफेक% तकनीक का उदय सूचना के पारंपरिक स्रोतों में विश्वास को कम करते हुए, तथ्य और कल्पना के बीच की बारीक रेखा को धुंधला कर एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एआई सामग्री के दुरुपयोग को रोकने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहले, इंटरनेट की सीमाहीन प्रकृति क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को जटिल बनाती है, जिससे दुर्भावनापूर्ण लोग अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार बिना किसी दंड के काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी नवाचार की तीव्र गति विनियामक प्रयासों से आगे निकल जाती है, जिससे नीति निर्माताओं के लिए उभरते खतरों का सामना करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, एआई सामग्री निर्माण और प्रसार का विकेंद्रीकृत स्वरूप पारंपरिक प्रवर्तन रणनीतियों में बाधा डालता है, जिसके लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज के बीच सहयोग की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा एआई-जनरेटेड सामग्री के संभावित उपयोग से प्रौद्योगिकी और राजनीति के बीच जटिलता स्पष्ट होती है। ताइवान जैसे अन्य देशों के अनुभवों से यह स्पष्ट है कि तकनीकी हस्तक्षेप दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को मजबूत विनियामक ढांचा विकसित करने, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और चुनावों की सत्यनिष्ठा की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ऐसा करने में विफलता लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करेगी और नागरिकों का अपने राजनीतिक संस्थानों पर भरोसा कम हो सकता है।

(लेखक साइबर कानून विशेषज्ञ और बॉम्बे हाईकोर्ट के वकील हैं।)

# जागरूकता की जरूरत, समाज के बिना राजनीति का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई भविष्य

विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है। पढ़ें रितुप्रिया शर्मा के विचार। समाज में समस्याएं अनेक हैं, निवारण कम। ज्यादातर लोग अपने आप में गुम अपनी समस्याओं से जूझते रहते हैं, मगर उसके कारणों पर विचार करना या तो जरूरी नहीं समझते या फिर उन्हें इस ओर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। कई बार जब समस्याओं या मूल मुद्दों के हल के लिए उसके कारणों की पड़ताल की दिशा मुखर होना शुरू होती है तो कुछ ऐसे मुद्दे सतह पर तैरने लगते हैं, जिसे देखने-सुनने में लोग उलझ जाते हैं और असली मुद्दों और उसके कारणों से उनका ध्यान बंट जाता है। इस तरह के हालात बार-बार पैदा होते हैं या किए जाते हैं और इसके समांतर समस्याएं न जाने कब से अपने स्वरूप में बनी हुई रहती हैं। विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है। इन बातों को लेकर समाज और राजनीति परस्पर जुड़े हुए हैं। समाज एक अति शक्तिशाली संस्था है। राजनीति समाज से निकला एक अंग है जो समाज की इच्छाओं की अभिव्यक्ति करता है। समाज के बिना राजनीति का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई भविष्य। व्यक्तिगत तौर पर भी जो समस्या हमारे समक्ष आती है, उनका हल कहीं न कहीं हमारी सामाजिक बुनियाद को प्रभावित करने में सक्षम है। आज समाज में बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, जातिवाद, सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, अशिक्षा आदि अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। समाज चाहता है कि वह उन समस्याओं से निकलकर एक परिपक्व समाज बने, लेकिन उसकी यह इच्छा अधूरी ही रह जाती है। कारण है राजनीति का व्यक्तिगत स्वार्थों से ओत-प्रोत होना। सत्ता का नशा जिसके ऊपर चढ़ा, वह फिर किसी बात या मुद्दे की कोई परवाह नहीं करता है। समाज के बीच जाकर वोट मांगने वाले जब जीत के बाद हमारे जनप्रतिनिधि बनते हैं, तो चुनाव के बाद अपने सारे वादों को भूल बैठते हैं। अपने क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रचार करने और लोगों को भरोसा देने में तो ये अग्रणी रहते हैं, लेकिन क्षेत्र में जाकर काम करने में काफी पिछड़ते हुए नजर आते हैं। हालत यहां तक पहुंच चुकी है कि अब मुद्दाविहीन राजनीति का दौर आ गया लगता है। इसमें किसी भी दल के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा दिखता है। व्यक्तिगत उत्तरदायित्व से खुद को बचाकर एक दूसरे पर आरोप लगाने वाले इस दौर में समाज केवल एक तमाशबीन बनकर रह गया है। ऐसा नहीं कि इसके लिए समाज की अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं है। दरअसल, समाज भी अपने-अपने व्यक्तिगत मुद्दों को लेकर सक्रिय है। एक व्यक्ति के तौर पर किस-किस ने क्या-क्या संघर्ष किया है या मौजूदा समाज में किस तरह की सामाजिक-राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक समस्या आ रही है, वह इसकी ओर मुंह मोड़कर खड़ा है। लोग केवल वोट वाले दिन सक्रिय होते हैं और फिर वोट डालते हैं। इसके बाद घर की ओर लौट जाते हैं। कौन-सा राजनीतिक दल, किस मुददे या उद्देश्य को लेकर चुनाव लड़ रहा है, इससे किसी का कोई सरोकार नहीं है।

तात्कालिक मुद्दों का गुबार हावी होता है और वह वास्तविक मुद्दों पर छा जाता है। कभी परिवार वालों के मत से, कभी राजनीतिक लहर के प्रभाव में, कभी किसी नेता के करिश्माई व्यक्तित्व के कारण हमारा समाज अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर अपने आप को लोकतंत्रवादी साबित करता रहता है। लोग समझते हैं कि हम सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, लेकिन मुद्दाविहीन राजनीति क्या सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करना ही लोकतंत्र की पहचान बनती जा रही है। समाज इन सबसे कटा हुआ है। किसने, किसको और कैसे ठगा है, वह मुद्दा भूल गया है। पहले लाखों के गबन होते थे। यह बात अब अरबों तक पहुंच गई है जो कि इस दौर के लिए समाज में पैदा हुई सामान्य-सी बात है। अगर राजनीतिक मुद्दों के बिना बात की जाती है तो उन मुद्दों का निराकरण भी नहीं हो पाता है। समाज को चाहिए कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं से सवाल-जवाब करे, उनकी समस्या निवारण में जो भी भूमिका हो सकती है, उसके निर्धारण के लिए कोई योजना भी राजनीतिक दलों के समक्ष लाई जाए।

वे ऐसा करने से इनकार करें तो फिर उन पर विश्वास न करके उन्हें अपना प्रतिनिधि न बनाएं, बल्कि किसी नए व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुने, जो वाकई समाज से जुड़ा हो और मुद्दों पर कार्य करना चाहता हो। हम ही समाज हैं तो ये सारी बातें हमारे ऊपर उतरती भी है। लोकतांत्रिक जागृति गांव-कस्बों तक पहुंचे, यह हमारी जिम्मेदारी है। नहीं तो यह मुद्दाविहीन, लक्ष्यहीन राजनीति हमारी सामाजिक आधारशिला, उन्नति और आर्थिक व्यवस्था को क्षीण कर देगी। राजनीति और समाज को एक एकीकृत व्यवस्था के रूप में चलाना चाहिए। व्यक्ति का मूल्य समझना व्यक्तिवादी सोच का द्योतक नहीं है। व्यक्ति का मूल्य समाज की तरक्की और दिशा निर्धारण का उत्तम तरीका है। राजनीति को मुद्दाविहीन न बनने दिया जाए। दलों को स्वार्थपरता से दूर रखते हुए उन्हें समाज की समस्याओं से अवगत कराते रहना चाहिए। निवारण के लिए प्रेरित कर लोकतंत्र का असली स्वरूप हम सामने ला सकते हैं। अन्यथा लक्ष्यहीन, मुद्दाविहीन राजनीति हमारे समाज को कहीं न कहीं, कोई न कोई नुकसान पहुंचाएगी और भविष्य में कहीं लेकर नहीं जाएगी। इसलिए समाज को इस पर गौर करके पहल करनी चाहिए, ताकि यह सबके लिए कल्याणकारी सिद्ध हो।

# विमाननः हवाइयां उड़ातीं हवाई टिकट की कीमतें...

**विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था।**

भारत की इंडिगो एयरलाइन 1.47 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी विमानन कंपनी बन गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत के विमानन क्षेत्र में इंडिगो एयरलाइन की 60.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे स्थान पर एयर इंडिया है, जिसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत है। विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। इतना ही नहीं, दूसरी तिमाही में भी इंडिगो ने 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। विगत पांच वर्षों में पहली बार किसी भारतीय विमानन कंपनी ने किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा दर्ज किया है, क्योंकि दूसरी तिमाही विमानन उद्योग के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है। इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना निश्चित रूप से हर्ष एवं गौरव का विषय हो सकता है। यह शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए भी खुशी की बात हो सकती है, क्योंकि इसके शेयर में निवेश करके निवेशकों ने काफी कमाई की है, लेकिन यह जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात कतई नहीं हो सकती है। मौज-मस्ती के लिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एयर टिकट की कीमत ज्यादा मायने नहीं रखती है, लेकिन किसी बीमार का इलाज के लिए सफर करने या नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने, आदि के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत में इजाफा परेशानी का कारण बन गया है। यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला है कि एक से सात मार्च की तुलना में एक से सात अप्रैल की अवधि में कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस अवधि में दिल्ली से बंगलूरू के बीच के उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर के हवाई किराये में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1,900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं। वर्ष 2024 में 150 नए विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है। फिर भी यह घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष दर वर्ष के आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2023 में घरेलू यात्रियों की संख्या 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है। विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। घरेलू मार्गों पर भी बड़े विमानों का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति के बीच खाई बनी हुई है। इंडिगो को छोड़ दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने और यात्री मांग में मजबूती के कारण हवाई किराये में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। गर्मियों में घरेलू उड़ानों में यात्रियों को टिकट के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। सभी एयरलाइंस के टिकटों की कीमत आसमान छू रही है। गर्मी की छुट्टियों में इसमें बढ़ोतरी का अंदेशा है। हालांकि, 18 से 24 महीने पहले भारत में एयर टिकट की कीमत काफी सस्ती थी। एयर टिकट की कीमत मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है। वैसे, विमानन मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संसदीय स्थायी समिति ने भी छुट्टियों और त्योहारों के दौरान एयर टिकट की कीमत वृद्धि पर रोक लगाने पर जोर दिया है। बावजूद इसके, एयर टिकट की कीमत में कमी के आसार नहीं हैं, क्योंकि आज बड़ी संख्या में विमान जमीन पर खड़े हैं और परिचालनगत समस्याओं की वजह से विमानों का परिचालन भी रद्द हो रहा है।

# नक्सली चुनौती, जल, जंगल और जमीन की समस्या और सरकार का रवैया

**सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं। अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती।**

आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया। निस्संदेह यह बड़ी कामयाबी है। इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं। अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती। छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। इस बीच अनेक रणनीतियां अपनाई गईं, मगर वे कारगर नहीं हो पाई हैं। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा अब भी बनी हुई है। दरअसल, आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। फिर बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। फिर आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें काफी खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या को समाप्त कर पाना संभव न हो सका। हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी, पर उसमें भी बहुत कामयाबी नहीं मिल सकी। नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते भी देखे जा चुके हैं। दो साल पहले इसी तरह उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था। नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। मगर हकीकत यह है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन सकी है। हजारों निरपराध आदिवासी जेलों में बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। पांच-छह साल पहले एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। सबसे जरूरी है, स्थानीय आदिवासियों में यह भरोसा पैदा करना कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जल, जंगल, जमीन के मसले पर संजीदगी से बात हो, तो शायद वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार हो जाएं।



# रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप को लेकर मीटिंग का खंडन किया

## कहा- अगरकर-द्रविड़ से मुलाकात नहीं, इम्पैक्ट प्लेयर नियम के फेवर में नहीं भारतीय कप्तान

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात का खंडन किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए किसी तरह की उनकी मीटिंग चीफ कोच और चीफ सिलेक्टर के साथ हुई है। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट और पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन से हुई क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर कई मुद्दों पर बात की। रोहित ने इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर जहां पर विचार रखे, वहीं दिनेश कार्तिक और धोनी की बल्लेबाजी की तारीफ भी की।



रोहित ने पॉडकास्ट में पूर्व क्रिकेटरों से बातचीत में कहा, मैं किसी से नहीं मिला। अजीत अजीत अगरकर दुबई में कहीं हैं, वो गोल्फ खेल रहे हैं। राहुल द्रविड़ बेंगलुरु में हैं और अपने बच्चे को खेलते हुए देख रहे हैं। मैं मुंबई में था। ईमानदारी से कहूं तो हम मिले नहीं हैं। जब तक आप मुझे, राहुल द्रविड़, अजीत या बीसीसीआई के किसी व्यक्ति को कैमरे के सामने आकर बात करते हुए नहीं सुनते, तब तक सब गलत है।

टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। वहीं 1 मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी हैं। ऐसे में वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कुछ दिनों में हो जाएगा। टीम इंडिया के सिलेक्शन के लिए सिलेक्टर्स की मीटिंग 30 अप्रैल या 1 मई को हो सकती है।

रोहित इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश हैं। उन्होंने पॉडकास्ट में इम्पैक्ट प्लेयर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम का फैन नहीं हूं। इससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों का महत्व घटेगा और उन्हें पीछे रखेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है न कि 12 खिलाड़ियों। इम्पैक्ट प्लेयर के नियम आने से ऑलराउंडर्स शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पा रहा है। आप लोगों के लिए ज्यादा मनोरंजक बनाने के लिए खेल से बहुत कुछ निकाल रहे हैं।रोहित से पूछा गया कि धोनी को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए संन्यास से वापस लेकर आ सकते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए एमएस धोनी को मनाना मुश्किल होगा लेकिन दिनेश कार्तिक को मनाना आसान होगा। रोहित ने आगे कहा कि दिनेश कार्तिक ने जिस तरह से इस आईपीएल में बल्लेबाजी की और एमएस धोनी ने आकर सिर्फ 4 गेंदें खेलीं और खेल पर बड़ा प्रभाव डाला, उससे वास्तव में मैं प्रभावित हूं।

**पंत हो सकते हैं वर्ल्ड कप टीम में शामिल**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित शर्मा से पूछा कि क्या कोई ऐसा खिलाड़ी है, जिसे वह सिर्फ एंटरटेनमेंट के लिए टीम में रखना चाहेंगे। इस पर रोहित ने हंसते हुए कहा कि वह ऋषभ पंत को जरूर टीम में रखेंगे। रोहित ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो अगर कोई मुझे हंसाता है तो वह ऋषभ पंत है। वह एक क्रेजी इंसान है। मैं उसे तब से देख रहा हूं जब वह बच्चा था। जब वह कार एक्सीडेंट की वजह से एक साल से क्रिकेट से दूर थे, तो मैं काफी निराश था। वह काफी मजाकिया है। विकेट के पीछे जिस तरह चीजें करता है, वह आपको हंसने पर मजबूर करता है। यह मुझे काफी पसंद है।

# रियल मैड्रिड UEFA चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंची, क्वार्टर फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को हराया

**नई दिल्ली।** रियल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम ने गुरुवार, 18 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में हराया। यूसीएल के दो क्वार्टर फाइनल मैचों का दूसरा लेग आज खेला गया। दूसरे मैच में जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख ने इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल को हराया। म्यूनिख ने भी सीजन के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है।

**पेनल्टी शूटआउट में रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को हराया**

मैड्रिड और सिटी के बीच क्वार्टर फाइनल का दूसरा लेग का मुकाबला फुल टाइम तक 1-1 से ड्रॉ रहा। दोनों टीमों का पहला लेग 3-3 से ड्रॉ रहा था। ऐसे में क्वार्टर फाइनल का फाइनल स्कोर 4-4 से बराबर रहा। नतीजा नहीं आने की वजह से दोनों टीमों को पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। जिसमें मैड्रिड ने सिटी को



4-3 से हराया। दूसरा लेग सिटी के होम ग्राउंड एतिहाद स्टेडियम में खेला गया। मैड्रिड के रॉड्रिगो ने मैच के 12वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन, सिटी टीम के स्टार मिडफील्डर केविन डे ब्रुने ने 76वें मिनट में गोल कर मैच बराबरी पर ला दिया, जो फुल टाइम तक यही स्कोर रहा।

**म्यूनिख ने आर्सेनल को 1-0 से हराया**

दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकबले में के दूसरे लेग में बायर्न म्यूनिख ने आर्सेनल को 1-0 से हराया। जर्मनी के होम ग्राउंड एलियांज एरिना में खेले गए दूसरे लेग का एकमात्र गोल बायर्न म्यूनिख के जोशुआ किमिच ने किया। दोनों टीमों के बीच पहला लेग 2-2 से बराबर रहा था। ऐसे में दोनों टीमों का क्वार्टर फाइनल का एग्रीगेट स्कोर 3-2 रहा, और म्यूनिख को जित मिली।

**कैसे दो लेग में होते है मुकाबले**

राउंड ऑफ 16 से लेकर सेमीफाइनल तक के मुकाबले 2 लेग में खेले जाते हैं। एक-एक मैच दोनों क्लबों के घर में होते है। दोनों लेग में कुल मिला कर ज्यादा गोल करने वाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है।

**1955-56 से खेली जा रही है UEFA चैंपियंस लीग**

दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग 'चैंपियंस लीग' का यह 32वां सीजन है। जिसका चैंपियन 10 जून को मिला जाएगा। लीग की शुरुआत 1955-56 में हुई थी। तब यूरोपियन यूनियन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित लीग का नाम यूरोपियन चैंपियंस कप था। 1992 में नाम बदलकर UEFA चैंपियंस लीग कर दिया गया। हर सीजन इसमें 32 टीमें हिस्सा लेती है। इन टीमों को 8 ग्रुप में बांटा जाता है।

# धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं, रैना ने किया दावा

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी आईपीएल के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में लगातार तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था।

एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके आईपीएल रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल



2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है।

इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

वहीं आईपीएल के इस सीजन के शुरू होने से पहले चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी गई। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि आईपीएल में धोनी का यह आखिरी साल होगा।

वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिनमें चार चौके और 3 छक्के शामिल थे। इस सीजन में चार मैंचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

# डेवोन कॉन्वे चोट की वजह से आईपीएल 2024 से बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। कॉन्वे ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला।

कॉन्वे अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल 2024 के पहले हॉफ के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंगूठे की सर्जरी कराई थी और वे तब से खेल के मैदान से दूर हैं।

सीएसके का अगला मैच कल यानी 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ लखनऊ में खेला जाएगा। ष्टस्य इस सीजन 6 मैचों में से 4 जीते के बाद 8 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है।

# वित्त वर्ष 2025 में घट सकती है माइनिंग और कंस्ट्रक्शन इक्यूप्मेंट इंडस्ट्री की मात्रा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी Icra ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव और निर्माण गतिविधियों पर मानसून से संबंधित प्रभाव के कारण नए प्रोजेक्ट ऑर्डर में मंदी के कारण चालू वित्त वर्ष में घरेलू खनन और कंस्ट्रक्शन इक्यूप्मेंट इंडस्ट्री (एमसीई) की मात्रा में गिरावट आ सकती है।

रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में साल-दर-साल 12-15 फीसदी की गिरावट देखने को मिलेगी, जो 1.14-1.18 लाख यूनिट की मात्रा में तब्दील होगी।

**क्यों आई गिरावट**

यह गिरावट वित्त वर्ष 2023 में 26 प्रतिशत और वित्त वर्ष 24 में 24 प्रतिशत की लगातार दो वर्षों की मजबूत वृद्धि के बाद है।

इस विकास प्रवृत्ति में उलटफेर Q4 FY2024 और Q1



FY2025 में नई परियोजना पुरस्कार गतिविधि में मंदी से प्रेरित होगा, क्योंकि अप्रैल-मई 2024 में संसदीय चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। इसके अलावा 4 जून को रिजल्ट भी आएंगे।

बयान में यह भी कहा गया है कि इसके अलावा वित्त वर्ष 2025 में आईसीआरए की सैंपल सेट कंपनियों के कुल राजस्व में 9-12 प्रतिशत और ऑपरेटिंग मार्जिन में 100-150 आधार अंकों की कमी आने की उम्मीद है।

परियोजना कार्यान्वयन पर सरकार द्वारा पुन- चुनाव के दबाव के कारण पिछले दो वर्षों में घरेलू खनन और निर्माण उद्योग के लिए मजबूत मांग में तेजी आई है।हालांकि, लोकसभा चुनाव और दूसरी तिमाही में निर्माण गतिविधियों पर मानसून से संबंधित प्रभाव के बीच, लगातार दो तिमाहियों - वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में परियोजना पुरस्कार गतिविधि में व्यवधान की संभावना है।

आईसीआरए की सेक्टर हेड, कॉरपोरेट रेटिंग्स रितु गोस्वामी ने कहा, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में बिक्री में नरमी देखने को मिलने की संभावना है।

# नेस्ले एशिया - अफ्रीका के बेबी फूड में मिलाती है चीनी, दूध और सेरेलेक जैसे फूड्स के 1 सर्विंग में एवरेज 4 ग्राम शुगर मिली

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले डेवलपिंग देशों में बिकने वाले बच्चों के दूध और सेरेलेक जैसे फूड प्रोडक्ट्स में शक्कर और शहद मिलाती हैं। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में बिकने वाले छह महीने तक के बच्चों के लिए गेहूं से बने लगभग सभी बेबी फूड्स में प्रति कटोरी (1 सर्विंग) में एवरेज 4 ग्राम शुगर की मात्रा पाई गई। पब्लिक आई ने इन देशों में कंपनी के 150 प्रोडक्ट्स की जांच बेल्जियम स्थित लैब में की।

पब्लिक आई का यह दावा अगर सही पाया जाता है, तो यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के निर्देशों का उल्लंघन है। डबलूएचओ के गाइडलाइन के मुताबिक 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भोजन में कोई शुगर या मीठे पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

**सबसे ज्यादा शुगर फिलीपींस के प्रोडक्ट्स में मिली**




इसमें सबसे ज्यादा फिलीपींस में 1 सर्विंग में 7.3 ग्राम शुगर मिली। वहीं, नाइजीरिया में 6.8 ग्राम और सेनेगल में 5.9 ग्राम शुगर बेबी फूड्स में देखने को मिला। इसके अलावा, 15 में से सात देशों ने प्रोडक्ट के लेवल पर शुगर होने की जानकारी ही नहीं दी।

**भारत में करीब 3 ग्राम एवरेज शुगर मिक्स**

रिपोर्ट के मुताबिक, नेस्ले भारत में करीब सभी बेबी सेरेलेक प्रोडेक्ट्स के हर एक सर्विंग में औसतन करीब 3 ग्राम शक्कर मिलाती है। वहीं, 6 महीने से 24 महीने तक के बच्चे के लिए बिकने वाले 100 ग्राम सेरेलेक में टोटल 24 ग्राम शुगर की मात्रा होती है। रिपोर्ट में नेस्ले पर यह आरोप लगाया गया है कि नेस्ले

अपने प्रोडेक्ट्स में मौजूद विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्वों को प्रमुखता से उजागर करती है, लेकिन शुगर मिक्स के मामले में कंपनी पारदर्शी नहीं है। इसी तरह न्यूबॉर्न बेबी के लिए बेचे जाने वाले पाउडर मिल्क नीडो में प्रति बोतल औसतन 2 ग्राम शुगर मिला। दूसरी ओर, नेस्ले के अपने देश स्विट्जरलैंड या जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे यूरोपीय देशों में बिकने वाले इन्हीं उत्पादों में शुगर नहीं थी।

**नेस्ले की सफाई-लोकल रूल्स का पालन करते हैं**

नेस्ले के प्रवक्ता ने कहा, बेबी फूड हाइली कंट्रोल्ड कैटेगरी में आते हैं। हम जहां भी काम करते हैं, वहां के स्थानीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं। इसमें लेबलिंग और शक्कर समेत कार्बोहाइड्रेट की लिमिटेशन भी शामिल है। पिछले पांच सालों में हमने शिशु अनाज रेंज (दूध और अनाज बेस्ड सप्लीमेंट्री फूड्स) में शुगर को 30त्न तक कम कर चुके हैं।

# अडाणी फैमिली ने अंबुजा सीमेंट में 8,339 करोड़ निवेश किया, इससे कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 70.3 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** बिलेनियर गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट में ?8,339 करोड़ निवेश किया है, जिससे सीमेंट बनाने वाली कंपनी में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है।अधिग्रहण के बाद अडाणी फैमिली ने 18 अक्टूबर 2022 में वारंट के माध्यम से अंबुजा सीमेंट्स में ?5,000 करोड़ का निवेश किया था। वहीं, 22 दिन पहले यानी 28 मार्च 2024 को अडाणी फैमिली ने ?6,661 करोड़ निवेश किया था, तब उनकी कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई थी।

**इस निवेश से कंपनी की फाइनेंशियल कंडीशन मजबूत होगी**




कंपनी ने कहा कि इस निवेश से हमारी फाइनेंशियल कंडीशन मजबूत होगी। डेवलपमेंट प्लान को आगे बढ़ाने के साथ नई संभावनाओं का फायदा उठाया जा सकेगा। वहीं, अंबुजा सीमेंट्स के सीईओ अजय कपूर ने कहा कि हम अंबुजा में प्लान किए गए अडाणी ग्रुप के 20,000 करोड़ की शुरुआती निवेश के पूरे होने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह निवेश अंबुजा को तेजी से विकास के लिए पूंजी के साथ लेजर अकाउंट के स्तर पर

मजबूती प्रोवाइड करता है। अडाणी ग्रुप ने जून 2022 में 10.5 बिलियन डॉलर में अंबुजा सीमेंट और ष्टष्ट सीमेंट को खरीदा था।

**सप्लाई चेन में एफिशिएंसी सहित कई फैसलों को मजबूती देगा यह फंड**

कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 2028 तक सीमेंट कारोबार के 140 मिलियन टन सालाना कैपेसिटी को पूरा करने के लिए ये फंड काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके अलावा ये ऑपरेशनल परफॉर्मेंस को बढ़ाने के लिए कैपिटल एक्सपेंसेस को कम करने और रिसोर्सेंज, सप्लाई चेन में एफिशिएंसी लाने सहित कई रणनीतिक फैसलों को मजबूती देगा।

# वोडाफोन आइडिया का एफपीओ ओपन हुआ 22 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे रिटेल निवेशक

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर यानी एफपीओ ओपन हो गया है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 18,000 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस एफपीओ के लिए 22 अप्रैल तक बोली लगा सकते हैं। 25 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के ये शेयर लिस्ट होंगे। इससे पहले वीआई ने 74 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

**मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं?**



इस एफपीओ के लिए रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 1298 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी ने एफपीओ का प्राइज बैंड 10-?11 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप एफपीओ के अपर प्राइज बैंड ?11 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,278 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 14 लॉट यानी 18172 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए ?199,892 इन्वेस्ट करने होंगे।

एफपीओ ओपन होने से पहले वीआई ने 74 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में बीते दिन इस बात की जानकारी दी थी। वीआई ने इसके लिए 11 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 491 करोड़ शेयर्स एलॉकेट किए।

निवेशकों में सबसे ज्यादा 26 प्रतिशत शेयर जीक्यूजी पार्टनर्स को मिले हैं, तत्तन्न ने इसके लिए 1,345 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके अलावा फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 772 करोड़, ट्रू-कैपिटल और ऑस्ट्रेलियन सुपर ने ?331 करोड़ और ?130 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया है।

निवेशकों में द मास्टर ट्रस्ट बैंक ऑफ जापान, क्क्र, मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स, ऑस्ट्रेलियन सुपर, फिडेलिटी, क्वांट और मोतीलाल ओसवाल शामिल हैं।

# पाली उचित मूल्य की दुकान के प्रबंधक, विक्रेता तथा पूर्व प्रबंधक विक्रेताओं पर एफआईआर दर्ज

## चौदह लाख से अधिक गबन के आरोप में छह लोगों पर 409,420 का प्रकरण दर्ज

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग अंतर्गत पिछोर वनउपज समिति मनपुरा के अन्तर्गत आने बाली पाली उचित मूल्य की दुकान कोड (507035) की शिकायत तथा अनियमितताओ के चलते पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व जेपी गुप्ता के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनुभाग पिछोर जगदीप सिंह लोधी द्वारा पाली दुकान के प्रबंधक, विक्रेता तथा पूर्व विक्रेतायों पर धारा 409, 420 के तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज कराया गया।

जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकान पाली में 22 सितम्बर 2023 को जिला मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी उमराव मरावी द्वारा ग्राम पंचायत पाली के भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों द्वारा राशन न मिलने की शिकायत की गई थी। जिस पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी जेपी गुप्ता द्वारा उक्त शिकायत के क्रम में पिछोर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जगदीप सिंह



लोधी को जांच करने हेतु आदेश दिए, जांच के दौरान मौके पर खाद्यान का स्टॉक नही मिलना , हितग्राहियों को पात्रता से कम राशन वितरण करना , दुकान से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर, निगरानी समिति की बैठक पंजी, आवक जाबक रजिस्टर, आदि कई रिकॉर्ड मौके पर नही पाए गए तथा जांच दौरान ग्रामवासी द्वारा भी मौके पर शिकायत करते पंचनामा प्रस्तुत किया गया । जांच में लगभग 14 लाख से अधिक का गबन अपयोजित किया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर गबन करने वाले सभी विक्रेता /प्रबंधकों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जेपी गुप्ता द्वारा स्पष्टीकरण देने हेतू नोटिस जारी किए गए किन्तु नोटिस का जवाब संतुष्टि पूर्ण न मिलने पर एवं खाद्यान्न खुर्द खुर्द करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जगदीप सिंह लोधी की सूचना तथा शिकायत के आधार पर प्रबंधक अमरसिंह परिहार(तिंधारी, भौंती), प्रबंधक शालिकराम जाटव(खुरई, पिछोर), विक्रेता अजीत राय(पाली, भौंती), पूर्व विक्रेता लज्यावती परिहार(करई, भौंती),सुनील हरिजन (वपावली भौंती)तथा पंकज लोधी(बीरा, भोंती) इन सभी छह लोगों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 ,420 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई।

# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

**श्योपुर,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा।

टीवी चौनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चौनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस, विश्लेषण, दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है।

आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक स्वैच्छिक आचार संहिता भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का 20 मार्च, 2019 की स्वैच्छिक आचार संहिता की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।

आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, बशर्ते कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री पूर्व-प्रमाणित हो। उनके द्वारा राज्य/जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से अनुमोदन लेना होगा। आवेदकों को ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले राज्य/जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी को आवेदन करना होगा।

आयोग द्वारा यह भी कहा गया है कि पाठकों को गुमराह करने के लिए समाचार सुर्खियों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन विशेष रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। किसी पार्टी विशेष की जीत की भविष्यवाणी करने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध रहेगा और चुनाव परिणामों से संबंधित किसी भी प्रकार की अटकलों से संबंधित मैटर से भी बचना चाहिए।

# खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन की सूचना जारी

**खरगोन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी कर्मवीर शर्मा ने 18 अप्रैल को प्रातः 11 बजे लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-27 खरगोन-बड़वानी से प्रतिनिधि के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है । इसके साथ ही प्रत्याशी अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक-116 में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालय एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ किया गया है।

खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन की सूचना जारी होने के पहले दिन 18 अप्रैल को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है । 27-खरगोन-बड़वानी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थी सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर 25 अप्रैल तक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। नाम-निर्देशन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किये जा सकेंगे। उम्मीदवारों से प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे से की जायेगी। चुनाव नहीं लड़ने वाले उम्मीदवार 29 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। 29 अप्रैल को नाम वापसी के बाद शेष बचे उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार की जायेगी और चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिये जायेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 13 मई को होगा तथा डाले गये मतों की गणना 4 जून को की जायेगी।

# पीज़ी कॉलेज में रक्तदान शिविर, 14 युनिट रक्त का संग्रहण

**श्योपुर,** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशनुसार उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के अन्तर्गत शासकीय पी जी कोलेज श्योपुर एवं शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 14 युनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, ने बताया कि रक्तदान से कोई कमजोरी नही आती, अपितु इससे हमें गर्व कि अनुभूति होती है। रासेयों जिला संगठक डॉ ओ पी शर्मा ने बताया कि हम रक्तदान कर किसी कि जान बचा सकते है, रक्त की आवश्यकता किसी संकटग्रस्त व्यक्ति के लिऐ संजीवनी का कार्य कर सकती है,, एन. सी सी प्रभारी व कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविन्द ने बताया. कि रक्तदान मानवता के लिए किया गया सबसे महत्वपूर्ण कार्य एवं दायित्व है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि हम स्वयं रक्तदान करे तथा अन्य लोगो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें.

महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा पी ज़ी कॉलेज व आदर्श कन्या महाविद्यालय के सहयोग से एन एस एस तथा एन सी सी के विद्यार्थियो नें 14 यूनिट रक्तदान किया, जिसमे लीड कॉलेज प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी शर्मा नें विद्यार्थियो को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। उक्त आयोजन में समाज सेवी महावीर गुप्ता, अरुण ओसवाल, संजय मंगल, हीरा सिँह, डॉ साजिद. अली, प्रो प्रेमचंद एक्का, प्रो निशा वर्मा, डॉ सीमा चौकसे आदि उपस्थित रहे।

# रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त

**श्योपुर,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द के प्रभारी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक गिर्राज शर्मा की संविदा सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की गई है।

जारी आदेश के अनुसार सीईओ जनपद पंचायत कराहल के जांच प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द में पीएम आवास योजना में 17 अपात्र हितग्राहियों को पीएम जन योजना में आवास स्वीकृत कर 8 लाख 50 हजार रूपय की राशि जारी की गई। इस संबध में जिला पंचायत से जारी कारण बताओ सूचना पत्र के जवाब में बताया गया कि अपात्रों के खातो में राशि त्रुटिवश चली गई है जिसे पुनः वापस ले लिया गया है किन्तु शर्मा के द्वारा उक्त प्रस्तुत जवाब में राशि शासन के खाते में वापस करने का कोई साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। संतोषजनक जवाब नही होने के कारण संविदा सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की गई है।

# मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**श्योपुर,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

# ईव्हीएम की कार्यप्रणाली को मतदान दल अच्छी तरह से समझ लें- कलेक्टर शर्मा

**खरगोन।** आगामी 13 मई को खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में मतदान दलों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा ने 18 अप्रैल को सेंट ज्यूथ स्कूल खरगोन में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 को दिये जा रहे विशेष प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुपूर्वा मण्डलोई, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी प्रशांत आर्य, मास्टर ट्रेनर अमित शर्मा मौजूद थे।

कलेक्टर शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान वे ईव्हीएम की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से समझ लें। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं व्हीव्हीपैट मशीन को किस क्रम से जोड़ना है यह अच्छी तरह सीख लें। ईव्हीएम से मतदान के समय क्या-क्या समस्या आ सकती है और उनका किस तरह से निराकरण करना है, यह अच्छी तरह से समझ लें। जिससे वे मतदान के दिन बिना किसी व्यवधान के ईव्हीएम से मतदान सम्पन्न करा सकेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर से कहा कि वे ईव्हीएम की कार्यप्रणाली एवं उसके प्रोटोकाल के बारे में विस्तार से समझाएं। प्रशिक्षण के दौरान सवाल-जवाब के माध्यम से पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए।

कलेक्टर शर्मा ने इस दौरान बताया कि गर्मी को देखते हुए मतदान दलों के लिए मतदान केन्द्रों पर सभी जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं। मतदान दलों को मेडिकल किट के साथ ही ओ.आर.एस. के पैकेट एवं जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 को 19 अप्रैल को कसरावद एवं बडवाह में ईव्हीएम के संबंध में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार 20 अप्रैल को भगवानपुरा, भीकनगांव एवं महेश्वर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मतदान के लिए तैयार है सीधी, मतदान केंद्रों में कई गई आकर्षक सजावट




**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में जिले के चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82-धौहनी शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 1208 मतदान केन्द्रों में 10 लाख 35 हजार 505 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही जिले में 10 आदर्श मतदान केंद्र भी बनाये गए हैं। सीधी शहर के बुनियादी शिक्षा संस्थान सीधी के मतदान केंद्र क्रमांक 216, 224, 225 एवं 226 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मतदाताओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए सेल्फी प्वाइंट, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं के विश्राम की व्यवस्था की गई है। छोटे बच्चों के लिए खिलौने भी रखे गए हैं।

मतदान केंद्र पनवार चौहनन टोला को परंपरागत ढंग से सजाया

विधानसभा क्षेत्र सीधी के मतदान केंद्र क्रमांक 51-पनवार चौहानन टोला को हरित मतदान केंद्र के रूप सजाया गया है। लोक संस्कृति से प्रेरित होकर मतदान केंद्र की परंपरागत ढंग से सजावट की गई है जो अद्वितीय और अनुपम है। यह लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

# कमिश्नर एवं एडीजीपी ने किया कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण



**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में जिले के चार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल तथा 82 धौहनी शामिल है। शुक्रवार को 1208 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा जिसमें 211 क्रिटिकल मतदान केन्द्र तथा 40 शैडो मतदान केन्द्र शामिल है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए कन्ट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डांड तथा एडीजीपी महेन्द्र सिंह शिकरवार द्वारा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

कमिश्नर श्री डांड ने कन्ट्रोल रूम को मतदान समाप्ति के बाद मशीनों के स्ट्रांग रूम में जमा होने तक जिले की गतिविधियों की कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल संबंधित पीठासीन अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारी से संपर्क करेंगे एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे। उक्त के संबंध में तत्काल आरओ तथा संबंधित एआरओ को अवगत करायेंगे। कमिश्नर ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

उल्लेखनीय है कि जिले के 720 मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है।

# 16 हैंडपम्पों की मरम्मत कर चालू किये गये

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में किये जा रहे उपायो के तहत अब पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतो तथा हैंडपम्पो की मरम्मत के संबंध में प्रतिदिन पेयजल बुलेटिन जारी किया जा रहा है। संबंधित गांव के व्यक्ति सुधार हुआ है या नही इसकी पुष्टि कर सकते है और यदि सुधार एवं मरम्मत नही की गई है, तो उसकी जानकारी अगले 4 दिवस में प्रदान कर सकते है। पेयजल स्त्रोतो की मरम्मत के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जानकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई शुभम अग्रवाल के मोबाइल नंबर 6387520477 पर दी जा सकती है।

इन निर्देशो के क्रम के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा बताया गया है कि दिनांक 17 अप्रैल को 16 हैंडपम्पो की मरम्मत कर सुधार किया गया है तथा आदिवासी ब्लॉक कराहल के ग्राम झरेर में टंकी के पास नवीन बोर कराया गया है तथा बरगंवा में दो नलकूपो स्कूल के पास तथा तिराहा वाले हैडपम्प की सफाई का कार्य किया गया है। इसके अलावा विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम दुल्हावाला में सिंगल फेस मोटरपम्प स्थापित किया गया है।

17 अप्रैल को श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बगदिया में सेड का सहराना, कूण्डहवेली में हनुमानजी मंदिर के पास, पाण्डोला में बागबस्ती, पाण्डोली में आदिवासी नवीन बस्ती, बगदिया में हनुमान जी मंदिर के पास बरखेडा में जीवनलाल मीणा के मकान के पास रोड किनारे के हैडपम्प की मरम्मत कर सुधार कार्य किया गया है। विजयपुर विकासखण्ड अन्तर्गत धोरेरा में हनुमान जी मंदिर के पास, बीच गांव में सायपुरा में बदनसिंह के मकान के पास अर्रोद में सेड माता मंदिर के पास, बरौली में आंगनबाडी भवन के पास, हीरापुरा में पीपल के पेड के पास एवं मातापुरा लक्की के पास, रघुनाथपुर में पाठक वाला हैडपम्प, धोरी बावडी में ओमप्रकाश माहौर के पास तथा मुस्लिम बस्ती में स्थित हैडपम्पो की मरम्मत कार्य किया गया है। उक्त निर्देशो के क्रम में पीएचई विभाग द्वारा प्रत्येक दिन सुधारे गये हैंडपम्प, मोटर पम्प तथा अन्य पेयजल स्त्रोतो के संबंध में बुलेटिन जारी किया जा रहा है।

# घर से मतदान की सुविधा का लाभ लेकर 101 वर्षीय राजनारायण ने किया मतदान

**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। रीवा लोकसभा में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं से डाकमत पत्र से मतदान के लिए निर्धारित प्रापत्र में आवेदन पत्र भरवाये गये। इनके घर जाकर 18 अप्रैल और 19 अप्रैल को मतदान दल मतदान की सुविधा दे रहा है। प्रथम दिन लोकसभा क्षेत्र 10 रीवा के विधानसभा क्षेत्र 75 गुढ़ के ग्राम बुढ़िया में शतायु मतदाता राजनारायण ने मतदान किया। श्री राजनारायण की आयु 101 वर्ष है उन्होंने अब तक के सभी लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान दल ने श्री राजनारायण के घर जाकर मतदान कराया। एसडीएम तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर डॉ. अनुराग तिवारी भी मतदान के समय उपस्थित रहे।

# मतदान के दिन हर 2 घण्टे मिलेगी मतदान प्रतिशत की जानकारी

**सिंगरौली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान केन्द्रों पर होने वाले मतदान के प्रतिशत की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मोबाईल एप तैयार किया गया है। एप का उपयोग पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1 एवं सेक्टर ऑफिसर द्वारा किया जायेगा। एंड्रॉइड फोन के प्ले स्टोर में जाकर एप डाउनलोड कर उपयोगकर्ता को अपने मोबाईल नम्बर से लॉगिन करना होगा। इस प्रकार प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु पंजीकृत मोबाईल नम्बर से ही उपरोक्त एप का उपयोग किया जा सकेगा। मतदान प्रतिशत कि जानकारी तथा चुनाव संबंधी अन्य जानकारिया प्राप्त करने के लिए कलेक्ट्रट सभागार में कम्यूनिकेशन सेंटर बनाया गया है। इसमें विधानसभा वार दल तैनात किये गये है। प्रत्येक मतदान केन्द्र से मतदान प्रतिशत कि जानकारी प्राप्त कर उसे निर्वाचन आयोग को ऑन लाईन भेजा जायेगा। पीठासीन अधिकारी तथा सेक्टर आफीसर अपने लागिंग से मतदान प्रतिशत की जानकारी दर्ज करेगे। अंतिम रूप से जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की जायेगी।

# मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए लगातार किये जा रहे हैं प्रयास

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि जनवरी माह से अब तक रीवा जिले में 94 और मऊगंज जिले में 15 डेंगू के मरीज पाये गये हैं। रीवा नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में 34 डेंगू के पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिले में अब तक डेंगू की जांच के लिए 2420 व्यक्तियों के नमूनें लेकर उनकी जांच करायी गयी है इनमें से 109 के नमूने पॉजिटिव मिले हैं। डेंगू से बचाव के लिए जिला स्तरीय एवं विकाखण्ड स्तरीय दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जनवरी माह से अब तक 27317 घरों में 33238 कूलर तथा अन्य कन्टेनरों की जांच की गयी है। इनमें से 12 में मच्छर के लार्वा पाये गये इन कन्टेनरों की साफ-सफाई कराकर दवा का छिड़काव कराया गया। अब तक 16537 अनुपयोगी बर्तनों में भरे पानी को खाली कराया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों व आशा कार्यकर्ताओं के कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। उनसे फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे एवं विनिष्टीकरण की रिपोर्ट लगातार ली जा रही है। उन्होंने बताया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छर रूके हुए साफ पानी में अंडे देते हैं इसलिए कूलर तथा कंटेनरों में पानी 3-5 दिन से ज्यादा जमा न होने दें। कुलर तथा पानी के बड़े बर्तनों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करे। छत पर एवं घर के पीछे रखे अनुपयोगी सामान टूटे बर्तन, मटके, खुली टंकियां, बेकार फेंके हुए टायर, गमले इत्यादि में बारिश का पानी जमा न होने दें। पानी से भरे कंटेनरों को ढक्कर रखे ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे सके। लार्वा विनिष्टीकरण हेतु अनुपयोगी पानी में जला हुआ इंजन आयल कैरोसीन खाने का तेल डाला जा सकता है। सोते समय मच्छरदानी लगाए। पूरी बांहे के कपड़े पहने। खिड़की दरवाजों में मच्छर रोधी जाली लगाए। बुखार आने पर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां की निःशुल्क जाँच शासकीय अस्पताल में कराये। मलेरिया होने पर पूर्ण उपचार लें। अपने घर, स्कूल, कार्यालय, अस्पताल, परिसर को स्वच्छ रखें एवं स्वस्थ रहें ।

# मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र से गुरूवार को 06 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में गुरूवार को 06 उम्मीदवारों द्वारा अपनी नामजदगी के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। जिसमें सत्यपाल सिंह ने पुनः नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इन प्रत्याशियों ने कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अंकित अस्थाना को अपने-अपने नाम निर्देशन पत्र सौंपे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार, 18 अप्रैल को सत्यपाल सिंह ने इंडियन नेशनल कॉग्रेंस, इंजीनियर सूरज कुशवाह ने निर्दलीय, राजेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्दलीय, हरिकंठ ने निर्दलीय, मधुराज सिंह तोमर ने इंडियन नेशनल कॉग्रेंस और प्रभु सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरे।

## नामांकन के लिये अब एक दिन शेष

नामांकन के लिए अब एक दिन शेष बचा हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक अब 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें।

नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र में 07 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी।

## होटल, ढाबों, अवैध मदिरा विक्रय केंद्रों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुये अवैध शराब के विक्रय उपभोग एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिये जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र सिंह गुर्जर को निर्देश दिये हैं।



निर्देशों के तहत जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में गत दिवसविभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जौरा रोड मुरैना, एबी रोड आदि स्थानों पर अवैध मदिरा के संबंध में विधिवत कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी मनीष राठौर के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में आबकारी वृत मुरैना के प्रभारी अधिकारी सुरेंद्र सिंह राठौड़, आबकारी उप निरीक्षक संतोष शर्मा, वर्धमान जैन एवं वृत मुरैना में पदस्थ स्टाफ का सहयोग रहा। अन्य होटल,ढाबों, अवैध मदिरा विक्रय केंद्रों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।

## कार्य नहीं तो वेतन नहीं: चार सीएमओ का तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान समस्त नगरीय निकाय एवं सीएमओ को मतदान केन्द्रों पर छाया, पानी, मच्छरजाली के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये गये थे। इसके अलावा अपने-अपने क्षेत्र में स्वीप की गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने दिये थे।

जिसकी मॉनीटरिंग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने 18 अप्रैल को दूरभाष पर की। कार्यवाही विवरण मांगा गया। किन्तु मुख्य नगर पालिका अधिकारी पोरसा श्री अवधेश सेंगर, नगर पालिका सीएमओ अम्बाह शाबिर कौशर, नगर पालिका बानमौर के सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव और नगर पंचायत कैलारस के सीएमओ अमजद गनी द्वारा इस कार्य में कोई रूचि नहीं ली गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने इन चारों सीएमओ की लापरवाही मानते हुये ''कार्य नहीं तो वेतन नहीं'' के आधार पर तीन-तीन दिवस का वेतन काटने एवं लोकसभा निर्वाचन में गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव वरिष्ठ को भेजने के निर्देश दिये है।

## शासकीय कलापथक दल ने ग्राम नूराबाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

### डर के किसी को वोट न देना, वोट के बदले नोट न लेना

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वीप का कैलेंडर जिला पंचायत द्वारा बनाया गया है।



महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से शासकीय कलापथक दल मुरैना ने 18 अप्रैल, गुरूवार को ग्राम नूरावाद मुरैना में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में क्विज कार्यक्रम आयोजित किए गए।वहीं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से गीत, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।जिसमें जान गई है जनता सारी यह जन-जन का नारा है। मत अधिकार हमारा है। गीतौं की प्रस्तुत दी गई। महिला एवं बाल विकास से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक सभी ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन प्रमुख कलाकार जाकिर हुसैन ने किया। यह कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर एवं सामाजिक न्याय विभाग मुरैना की उपसंचालक प्रतिज्ञा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

## सेक्टर ऑफीसर और पुलिस सेक्टर ऑफीसरों को दिया ईव्हीएम का प्रशिक्षण



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मुरैना जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 156 सेक्टर ऑफिसर और 45 पुलिस सेक्टर ऑफीसरों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गुरूवार को ईव्हीएम का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स व्हीके जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने समस्त सेक्टर ऑफीसर और पुलिस सेक्टर ऑफीसरों को प्रशिक्षण के तौर पर बताया कि टीम के सभी सदस्यों को ईव्हीएम को जोड़ना एवं डिस कनेक्ट करना, आना चाहिये। इसके लिये भले ही सभी लोग स्वयं मशीन को स्पर्स करके उसे जोड़ने और डिस कनेक्ट करके देख लें। जिला सीईओ ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर ऑफीसर को 5 से 10 मतदान केन्द्र दिये गये हैं, उन पर यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी मशीने चालू हो जायें।

## उम्मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है।

निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो। इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है। रिटर्निंग ऑफीसर की हैण्डबुक के एनेक्जर-47 के आपराधिक प्रकरण वाले अभ्यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि आपराधिक इतिहास के विवरण सर्वसाधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए।

## व्यय प्रेक्षक धनंजय बेंकट कदम से इस नंबर 7224422709 पर होगा संपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये व्यय प्रेक्षक धनंजय बेंकट कदम मुरैना में सर्किट हाउस के ककनमठ कक्ष में ठहरे हुये है। व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 7224422709 है। व्यय प्रेक्षक प्रातः 10 से 11 बजे तक मिल सकेंगे।

## स्वीप गतिविधियां एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक 22 अप्रैल को

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित स्वीप गतिविधियां एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक 22 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत मुरैना के सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी जानकारी सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## ग्राम पंचायत बरेह में मजदूरों ने लिया मतदान करने का संकल्प



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** स्वीप प्लान के तहत गत दिवस ग्राम पंचायत बरेह में स्थानीय टीम द्वारा मजदूरों को मतदान करने का संकल्प दिलाया।

इस दौरान अधिकारियों ने खेतों में गेहूं काट रहे किसानों को न केवल मतदान का महत्व बताया, बल्कि उन्हें शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अम्बाह की सीईओ श्रीमती सुमन चक चौहान ने किसानों को बताया कि भारतीय संविधान में सभी लोगों को मतदान करने का अधिकार दिया गया है। इसलिए लोकतंत्र कि मजबूती के लिए सभी लोगों को मतदान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदान के माध्यम से आप अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं, जो आपके क्षेत्र का विकास कर सके। इस दौरान गांव में मतदाता जागरुकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर टीम के सदस्यगण उपस्थित थे।



मुरैना। ग्राम पंचायत भर्रा के सरपंच महावीर सिंह सिकरवार के गेहूं के खेत में गत दिवस आग लग गई, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ

## शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो पिटाई कर दी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** सुमावली पुलिस ने चार नामजद बदमाशों के विरुद्ध रंगदारी और मारपीट किए जाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि राहुल पुत्र अमृतलाल यादव निवासी मूढ़ई मंगलवार को निटहरा गांव में बनवारी पंडित के घर के पास से गुजर रहा था। तभी कल्ली उर्फ अमित, अंशु, मनु पाण्डे, शिवम शर्मा निवासी सुमावली ने उसे रोक लिया और शराब के लिए पैसों की मांग करने लगे, जब राहुल ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने राहुल की गालियां देते हुए मारपीट कर डाली।

## ग्राम गुरेमा में स्वीप सखी की दीदियों ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार जिले में स्वीप की गतिविधियां संचालित की जा रही है।




स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में गत दिवस ग्राम पंचायत गुरेमा में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र पर स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत स्वीप सखी एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों ने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया। जिनमें बैनर लगाकर मतदाता जागरूकता के नारों का उद्घोष किया। मतदान के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। रैली निकालकर जागरूकता से संबंधित नारे लगाए और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। सभी से शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरुकता रैली निकाली गई।

## जिले में खुले कुआ, बाबड़ी को चिन्हित कर सुरक्षा प्रबंध करें: अपर कलेक्टर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने नगर निगम कमिश्नर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये हैं कि खुले बोरवेल, कुआ, बाबड़ी आदि से अन्य जिलों में घटनायें घटित हो रहीं है। इन घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुये मुरैना जिले में खुले कुएँ, बाबड़ी, बोरवेल को चिन्हित कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करें,की गई कार्यवाही का प्रमाणीकरण तीन दिवस में अद्योहस्ताक्षर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## मतदाता ले रहे हैं सेल्फी, 7 मई को मुरैना करेगा वोट

### नगर निगम द्वारा टाउन हॉल में लगाया गया है आकर्षित सेल्फी प्वॉइंट

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नगर निगम के कार्यालय में आकर्षित सेल्फी प्वॉइंट लगाए गए हैं। सेल्फी पॉइंट पर शहर के मतदाता पहुंचकर अपना सेल्फी ले रहे हैं एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता शहर के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित भी कर रहे हैं। आज टाउन हॉल में लगी सेल्फी पॉइंट पर काफी महिलाओं पुरुषों ने अपनी अपनी सेल्फी ली और संकल्प लिया की आने वाली 07 मई को वह आवश्यक मतदान करेंगे। सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेते समय शहर की मतदाता मनीष प्रजापति ने बताया कि नगर निगम मुरैना द्वारा निगम कार्यालय एवं टाउन हॉल में आकर्षित सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं, जिससे शहर का मतदाता जागरूक होगा और आने वाली 07 मई को प्रत्येक मतदाता आवश्यक मतदान करेगा। स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर में स्वीप गतिविधि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है एवं मतदाता मित्र प्रत्येक मतदाता तक पहुंचकर मतदाताओं को संकल्प दिलाया जा रहा है कि वह 07 मई को लोकसभा निर्वाचन में मतदान आवश्यक करें और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें।


## कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2024 — **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** — मुरैना, दिनांकः- 18.04.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भ.क्र. 1401/37 नया वार्ड 12 एमआईजी 757 पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना | अंकित राजौरिया पुत्र अशोक राजौरिया निवासी- ग्राम मुड़ियाखेड़ा, मुरैना | श्रीमती केशवती तोमर पत्नी स्व. होतम सिंह तोमर | विक्रय पत्र के आधार पर |
| 2 | भ.क्र. 440/16 | श्रीमती कोमल पत्नी किशन कुमार डण्डौतिया निवासी- मैन रोड महावीरपुरा, मुरैना | कृष्ण कुमार डण्डौतिया पुत्र शांतीलाल डण्डौतिया | मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटेरी का वसीयतनामा के आधार पर |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 30 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**वास्ते सहायक आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**

# भगवान शिव के चरित्र की कथा सुनाई पं. उपाध्याय ने

## - माता पार्वती की हमें लक्ष्य पर अडिग रहना सिखाती है: उपाध्याय

**ग्वालियर।** जीवन में हमेशा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। जिसका कोई लक्ष्य नहीं होता उसका जीवन भी डामाडोल रहता है । इसलिए जीवन में लक्ष्य बनाना जरूरी है। माता पार्वती हमें लक्ष्य पर अडिग रहना सिखाती हैं। जिस तरह पार्वती पूर्व जन्म में सती थी जो की दक्ष प्रजापति की पुत्री थी। माता पार्वती ने योग अग्नि से अपने शरीर का त्याग किया था और जगदंबा पार्वती के रूप में पर्वत राज हिमालय और मैना के यहां जन्म लिया था। जन्म के साथ ही नारद जी के द्वारा उन्हें यह बताया गया कि उनके योग्य वर महादेव ही हैं। अतः उनकी तपस्या से ही उन्हें वर रूप में प्राप्त किया जा सकता है। यह बात जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में कथा आचार्य पं. रामनरेश उपाध्याय ने कही।

कथा के आरंभ में व्यास पीठ का पूजन श्री बालाजी मठ मंदिर लोकन्यास के अध्यक्ष भानु प्रताप दुबे एवं सचिव ज्योति दुबे ने किया। पंडित उपाध्याय ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को वर के रूप में पानी के लिए कठोर तप किया। इसी बीच भगवान शंकर को समाधि से जागने के लिए देवताओं ने कामदेव को भेजा। क्योंकि देवता ताड़कासुर से भयभीत थे। तारकासुर ने देवताओं को परास्त कर दिया था। तारकासुर को भगवान शंकर से उत्पन्न पुत्र ही मार सकता था। ऐसा उसे वरदान मिला था। इसलिए काम के द्वारा भगवान शिव की समाधि भंग की गई। तभी शिव के द्वारा कामदेव को तीसरे नेत्र की अग्नि से जला दिया गया। पुनः रति की प्रार्थना पर भगवान ने उसे वरदान दिया और वह कामदेव भगवान कृष्ण का पुत्र बना। इधर पार्वती की तपस्या की परीक्षा लेने के लिए सप्त ऋषियों को भेज गया। तब पार्वती अपने निश्चल निश्चय में अडिग रही। इससे प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन दिए और विवाह के लिए देवताओं की प्रार्थना करने पर राजी हो गए। ब्रह्मा जी के द्वारा लग्न पत्रिका लिखी गई तथा सप्त ऋषियों के द्वारा लग्न पत्रिका पहुंचा कर हिमालय के यहां विवाह का बड़ा भारी उत्सव आयोजित किया गया। भगवान शंकर भूत प्रेतों के साथ विवाह करने के लिए हिमाचल के यहां बारात लेकर पहुंचे। वहां उनका बहुत ही शानदार स्वागत हुआ तथा विधिवत संपूर्ण वेद रीति से विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद विदाई के समय मैया पार्वती को सुंदर पतिव्रत धर्म की सीख दी गई। इस तरह भगवान शिव और शिवा का चरित्र वर्णन किया गया।




*भजनों ने बांधा समां*

शिव महापुराण के वचन के दौरान कथावाचक पंडित रामनरेश उपाध्याय ने भगवान भोलेनाथ के भजन सुनाए। भोलेनाथ के भजनों पर पंडाल में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। इस अवसर पर पंडित उपाध्याय ने जब जब ही भोले भक्तों के सिर पर संकट मडरायेगा, मेरा भोला दौड़ा आयेगा..., मन हो जा दीवाना रे राम जी के चरणों में..., सज रहे भोले बाबा मतवाले दूल्हे में...आदि भजनों ने भक्तो को भक्ति में सराबोर कर दिया।

# एमपीआईडीसी के ईडी ने स्टोन पार्क का भ्रमण किया



**ग्वालियर।** एमपीआईडीसी के ईडी सिंहा ने गुरूवार को स्टोन पार्क का भ्रमण किया। सिंहा को एक स्मरण पत्र संरक्षक डॉक्टर उपेंद्र सिंह तोमर ने सौंपा। इस दौरान श्री सिन्हा के समक्ष रोड पर हो रहे अतिक्रमण एवं एबी रोड से स्टोन पार्क की पहुंच रोड को फोर लाइन बनवाने का मुददा उठाया।

भ्रमण में ईडी सिंहा ने स्टोन पार्क में वेस्टेज डिस्पोजल एरिया के संबंध में भी विस्तृत चर्चा कर औद्योगिक क्षेत्र की सुंदरता को बरकरार रखने की बात कही। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि कई लोगों द्वारा ब्लॉकों को बड़े गलत तरीके से रख दिया गया है। कई लोगों द्वारा फर्शी पत्थर को भी गलत तरीके से रख दिया गया है एवं एक अन्य जगह जो कागज के बण्डलों को गलत तरीके रखा गया है उन सब को हटवाने के लिए एसोसिएशन से कहा। ईडी सिंहा ने जैन स्टोन प्राइवेट लिमिटेड एवं एपी पैकर्स का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर संरक्षकगण डॉ उपेंद्र सिंह तोमर, महेंद्र कुमार जैन एवं अध्यक्ष सत्य प्रकाश शुक्ला उपस्थित थे।

# पिछड़ा वर्ग ने ठाना है, हर घर से मतदान कराना है: राजाराम शिवहरे प्रभारी लोकसभा विदिशा







**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की गत दिवस मंडीदीप मण्डल की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने उपस्थित सभी पदाधिकारी से कहा कि आगामी 07 मई को विदिशा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सर्वाधिक मतों से जिताने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी को प्रत्येक घर में जाकर वोट डालने का निमंत्रण देना है राजाराम शिवहरे ने हर घर से मतदान हो 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर हम कार्य करें प्रत्येक पदाधिकारी प्रतिदिन कम से कम 10 घरों में मतदान करने का निमंत्रण पत्र लेकर के जाए ताकि कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे और प्रत्येक मतदान करने वाले महानुभाव को यह गर्व होना चाहिए कि मैं राष्ट्र निर्माण हेतु शिवराज सिंह जी को चुनकर भेज रहा हूं, साथ ही साथ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में भारत का प्रत्येक नागरिक देखना चाहता है, क्योंकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। आज संपूर्ण राष्ट्र में राष्ट्रवादी विचारधारा प्रचारित और प्रसारित हो रही है। राजाराम शिवहरे ने कहा है कि आज कांग्रेस को लोकसभा में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं और विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के हालात यह है कि जो प्रत्याशी खड़ा है और विगत 40 वर्षो से क्षेत्र की जनता के सम्पर्क में नहीं है, इसलिए उनको बूथ पर बैठने के लिए कार्यकर्ता भी नहीं मिलेंगे। बैठक को जिले के उपाध्यक्ष अरविंद जैन ने भी संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी रीति का वर्णन किया, साथ ही साथ भोजपुर विधानसभा के विधानसभा प्रचारक राधेश्याम श्रीवास्तव ने भी बैठक को संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष सुनील पाल, लोकसभा के सहप्रभारी राम नंदवंशी, सुरेंद्र सिंह चौहान ,अशोक चौकसे, सुश्री प्रीति चौरसिया, मुकेश भावसार, अनिल राय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भोपाल लोकसभा के सहप्रभारी अरविंद चौहान ने किया। आभार महामंत्री द्वारा व्यक्त किया गया।

# नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में ब्राह्मण समाज की अहम भूमिका: राजेंद्र शुक्ल

**मैहर।** ब्राह्मण समाज किसी के हाथों की कठपुतली कभी नहीं रहा। वह राष्ट्रधर्म और सनातन धर्म के महत्व को भली भांति जानता है। ब्राह्मण समाज को विभाजित करना इतना आसान नहीं है। ब्राह्मण सदैव सही दिशा में आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। भगवान परशुराम ने भी समाज और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए थे, वर्तमान युग में भी ब्राह्मण समाज राष्ट्र, धर्म और समाज की रक्षा के लिए उचित निर्णय ले। यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मैहर में आयोजित ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, रमेश कुमार पांडे बम बम महाराज, राजाराम त्रिपाठी, रवि नंदन मिश्रा, स्वाति शर्मा, डॉ रवि शंकर द्विवेदी, सुरेश तिवारी, संजय राय एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

मोदी जी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ

सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि आज हमारा अखण्ड भारत हर तरफ से प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने चाहे वह देश की रक्षा हेतु धारा 370 हो, स्वास्थ्य की दृष्टि से आयुष्मान योजना हो, आवास योजना हो, अपने हर वादे को पूरा किया है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार के अधूरे कामों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जो कहती है वह करती भी है। उन्होंने कहा कि आज भारत विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र और विकसित अर्थ व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने सम्पूर्ण विश्व में भारत का नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित कर राष्ट्र का नाम रोशन किया है। व्यक्ति नहीं बोलता, उसके काम बोलते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने कार्यकाल में जो काम किए हैं, उनका लोहा पूरी दुनिया मान रही है। इसलिए आप सभी एक बार पुनः सांसद प्रत्याशी गणेश सिंह को रिकार्ड मतों से विजयी बनाकर अब की बार 400 के पार के नारे को साकार करें और फिर एक बार, मोदी सरकार के निर्माण में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें।

श्रद्धांजलि दी, प्रबुद्धजनों का किया सम्मान

प्रबुद्धजन सम्मेलन में बीते दिनों सड़क हादसे में दिवंगत सतना निवासी धर्मेश चतुर्वेदी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया।

यह रहे उपस्थित

प्रबुद्धजन सम्मेलन में रविनंदन मिश्रा, अनंत सोनकिया, अवधेश परोहा, भारत लाल शुक्ल, केके गर्ग, रामाशंकर त्रिपाठी, बीके द्विवेदी, महेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, वंश गोपालपरोहा, डॉ एलजी त्रिपाठी, राजकुमार गौतम, आदित्य नारायण शुक्ला सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सकल ब्राह्मण महासमिति की बैठक सम्पन्न

**ग्वालियर ।** सकल ब्राह्मण महासमिति के संयुक्त अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ही पूजन किया जाएगा। श्रीराम एक्सप्रेस बिल्डिंग, ऊंट पुल, पाटनकर बाजार पर 20 अप्रैल को सायं 5.30 बजे सभी ब्राह्मण समाज के मुखियाओं एवं समाजसेवियों की बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत अनिरुद्ध तिवारी विराट द्वारा लिखित भगवान परशुराम जी के जीवन पर आधारित छाया मंदिर नाट्य केंद्र द्वारा महानाट्य परशुराम गाथा मंचन की तिथि एवं अन्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्णय लिया जाएगा। महानाट्य के लिए किसी भी प्रकार का धनसंग्रह चंदा नहीं किया जाएगा। श्याम बाबू शर्मा ने कहा कि इस नाटक मंचन से युवा पीढ़ी परशुराम गाथा से प्रेरणा लेगीं। जिसका निर्देशन संजय सिंह जादौन द्वारा 19 अप्रैल सायं 6.30 बजे महानाट्य परशुराम गाथा अभिनय रिर्हसल का शुभारंभ वैदिक मंत्रोंच्चारण से किया जाएगा।




अंत में चार दशक से ब्राह्मण समाज एवं पंजाबी परिषद में अपनी समाज सेवा में अग्रणी पूर्व पार्षद, सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर की मुख्य महिला संरक्षिका श्रीमती मधु भारद्वाज की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा रेलवे स्टेशन एवं कला वीथिका में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज, पंजाबी परिषद के अध्यक्ष अशोक मारवाह, गिरिराज गुरु, अशोक मारवाह, जीके सूरी, साकेत आनंद, नरेंद्र बेदी, सुनील कोहली, प्रमिला मारवाह, सुमन चावला, नवीना मिड्ढा, मोहिनी अरोड़ा, मोनिका अरोड़ा, सीमा समाधिया, सुनीता शर्मा, कपिल भारद्वाज, उमंग भारद्वाज, सिद्धांशु भारद्वाज, यशपाल कपूर, यशपाल, ए.पी मूंगिया, अशोक सिंह, ऋतुराज चव्हाण, संजय सिंह, आलोकिक शर्मा, दुर्गेश पाठक, मनीष शर्मा, विमल, नेमीचंद्र झा, श्रीमती भारती मोखरीवाल, श्रीमती रेणुका जावर, कु. कनिष्क, युवराज शर्मा, प्रांजल, ज्योति अतरौलिया, जितेंद्र, पप्पन, अनुज सिंह, मयंक, मानस तिवारी एवं अनिरुद्ध तिवारी विराट, हरीश अमरपुरी, राजू पंडित आदि शामिल थे।

# आबकारी व पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से पकड़ी एक करोड़ से अधिक की शराब

**ग्वालियर ।** बीते मार्च माह में लोकसभा चुनाव के लिए लागू हुई आचार संहिता लगने के बाद अवैध शराब के निर्माण, परिवहन व बिक्री तथा संदिग्ध धनराशि के परिवहन के खिलाफ जिले में विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत अब तक लगभग सवा करोड़ रूपए कीमत की करीबन एक लाख 19 हजार लीटर अवैध देशी व विदेशी शराब एवं लहान जब्त किया जा चुका है। साथ ही लगभग 58 लाख 75 हजार रूपए की संदिग्ध धनराशि भी जब्त की गई है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में गठित एफएसटी व एसएसटी, आबकारी विभाग तथा पुलिस टीमों द्वारा यह जब्ती की गई है। अवैध शराब व लहान जब्त करने के साथ-साथ इस अवैध धंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत 784 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही 13 बाइक, तीन ऑटो रिक्शा और पाँच कार भी पुलिस ने जब्त की हैं। जब्त की गई अवैध शराब व लहान में आबकारी विभाग द्वारा 94 हजार 153 लिटर और पुलिस द्वारा जब्त 24 हजार 814 लिटर अवैध शराब और लहान शामिल है। इसी तरह कुल जब्त संदिग्ध धनराशि में कुल उड़न दस्तों द्वारा जब्त लगभग 56 लाख 25 हजार रूपए और पुलिस द्वारा जब्त 2 लाख 50 हजार रूपए की धनराशि शामिल है। अवैध शराब की जब्ती में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए 784 प्रकरणों में से 626 प्रकरण पुलिस द्वारा और 158 प्रकरण आबकारी विभाग द्वारा दर्ज कराए गए हैं।

जब्त की गई अवैध देशी शराब में से आबकारी विभाग द्वारा लगभग 256 लिटर और पुलिस द्वारा लगभग 7343 लिटर देशी शराब जब्त की गई है। इसी तरह जब्त अवैध विदेशी शराब में से आबकारी विभाग ने लगभग 108 लिटर और पुलिस ने लगभग 371 लिटर विदेशी शराब की जब्ती की है। अवैध शराब बनाने के लिये तैयार करकर रखे गए अवैध लहान की जब्त की आबकारी विभाग द्वारा 94 हजार 789 लिटर और पुलिस द्वारा 16 हजार 100 लिटर लहान की जब्ती की गई है।

# 685 गायों का हुआ उपचार 3165 गौवंश को लगाये टीका

## गौशालाओं में पशु चिकित्सा शिविर संपन्न



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल के निर्देशन में ग्वालियर जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति और पशुपालन डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंचल की सबसे बड़ी गौशाला लाल टिपारा आदर्श गौशाला मुरार सहित अन्य गौशालाओं में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशु विभाग उपसंचालक डा. अशोक तोमर के मार्गदर्शन में चिकित्सक, गौसेवकों की टीम एवं अन्य स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में चिन्हित निराश्रित गौवंश को गौशाला में प्रवेश कराया। इसके लिये विधिवत एक स्वागत की रस्म भी अदा की गई। इसके साथ ही संगोष्ठी कर गौरक्षा का संकल्प दिलाया गया।

पशु उपसंचालक डा. अशोक तोमर ने बताया कि शिविर में सर्वाधिक 3165 गौवंश को टीका लगाया गया। इसके साथ ही 1755 गौवंश को टैगिंग और 685 गौवंश का उपचार किया गया। जबकि 73 नंदियों का बंधियाकरण हुआ। वहीं शिविर में 39 गायों का कृत्रिम गर्भाधान भी किया गया। डा. तोमर ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल के निर्देशन में गुड़ी पड़वा नवसंवत्सर से ही रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन जिले की समस्त गौशालाओं में पशु चिकित्सा शिविर के आयोजन किये गयें नौ दिनों में 31 संगोष्ठी की गई और गौवंश रक्षा के लिये 121 रक्षा संकल्प कार्यक्रम भी किया गया। 1755 गौवंश की टैगिंग की गई। 685 पशुओं को उपचार का लाभ मिला। वहीं 73 नंदी बंधियाकरण किये गये। साथ ही 39 गायों का कृत्रिम गर्भाधान कराया गया। शिविरों में पशु चिकित्सा और गौसेवकों की टीम का विशेष सहयोग रहा।

# ABV-IIITM ग्वालियर में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ हुआ रामनवमी का आयोजन





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**ग्वालियर।** मुरैना लिंक रोड पर स्थित अटल बिहारी वाजपेई- भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें सभी लोग परिसर के हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुए। धर्मभावनापूर्ण हनुमान चालीसा और श्रीराम आरती के आदान-प्रदान के साथ ही उत्सव शुरू हुआ, जिससे कैंपस मंदिर में आत्मा को छूने वाला वातावरण बना। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एसएन सिंह भी मौजूद रहे। अन्य संकाय, असंकाय सदस्यों और छात्रों ने इस अवसर पर तन्मयता से भाग लिया। तत्पश्चात् संस्थान एवं सभी छात्रावास में प्रसाद वितरण भी किया गया।

प्रफुल्लित पूजा कार्यक्रम के बाद, संस्थान के द्वारा डॉ. चंद्र शेखर मालवी, प्रोफेसर, एमआईटीएस ग्वालियर के साथ एक महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक शिक्षण सत्र 'विज्ञान और अध्यात्म' आयोजित किया गया । भगवद गीता पर अक्सर सत्र चलाने वाले डॉ. मालवी ने अपनी उपस्थिति से उत्सव को समृद्ध किया और एक ज्ञानवर्धक वार्ता दी। उन्होंने कहा कि आज की सभी आधुनिक तकनीक हमारे हिंदू इतिहास में मौजूद थीं। किसी भी कार्य का नेतृत्व करने के लिए हमें उसके महत्व और जमीनी हकीकत को जानना चाहिए। उनके व्याख्यान ने इस प्राचीन ग्रंथ में संग्रहित आध्यात्मिक और दार्शनिक सूक्ष्मताओं को कुशलतापूर्वक नेविगेट किया और उसके वैज्ञानिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उनके व्याख्यान ने उपस्थित लोगों को भगवद गीता में समय के साथ बदलते ज्ञान की गहराई में खोज करने के रोचक अंश के साथ-साथ उसके वैज्ञानिक आयाम का भी उत्कृष्ट अन्वेषण किया। इस बहुमुखी दृष्टिकोण ने न केवल उपस्थित सभी लोगों की आध्यात्मिक यात्रा को समृद्ध किया, बल्कि धार्मिकता और विज्ञान के बीच के जटिल संबंध की समझ को भी गहरा किया। इस आयोजन ने संस्थान की आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया, साथ ही प्राचीन भारतीय ग्रंथों की गहरी शिक्षाओं में भाग लेने का एक अवसर भी प्रदान किया। डॉ. मालवी की उपस्थिति और उनकी विशेषज्ञता ने उत्सव को बड़ा मूल्य दिया, जो सभी लोगों पर एक दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ गया। इस शिक्षण सत्र के समन्वयक प्रो. मनोज पटवर्धन तथा सह-समन्वयक डॉ. कपिल कांत एवं डॉ.रश्मि रंजन बेहरा रहे। छात्र समन्वयक आलोक तिवारी और सौरभ सिंह रघुवंशी का ने भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपना योगदान दिया। कुल मिलाकर, IIITM कैंपस में राम नवमी का उत्सव एक बेहद सफलतापूर्ण आयोजन था, जो सभी को एकता, भक्ति और ज्ञान की भावना में एक साथ लाने में सफल रहा। यह जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी श्रीमती दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गयी।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मैं. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं प्रकाशित, आरएनआई नं. MPHIN/2003/09780
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, सहायक संपादक गोपाल सिकरवार 9826949508, महाप्रबंधक श्याम शिवहरे सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना न्यायालय होगा।